दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली | मंगलवार 11 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 53 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# प्रयागराज महाकुंभ में लगे जबरदस्त जाम के बाद लखनऊ, अयोध्या, बनारस मार्ग बाधित

**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ में इस सदी का सबसे बड़ा ट्रैफिक जाम लगा है। महाकुंभ में स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा है कि पिछले तीन दिनों में सिर्फ प्रयागराज शहर में 15 लाख वाहन पहुंचे हैं।25 दिन में जिस शहर ने 43 करोड़ 57 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आवाजाही देखी है। उस तीर्थ में कल यानी रविवार को एक दिन में करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। भीड़ और भयानक ट्रैफिक जाम की तस्वीरें देखकर दुनिया हैरान है फिर भी आस्था के इस महाकुंभ में श्रद्धालुओं के जमावड़े का सिलसिला थमता नहीं नजर आ रहा है।





ये हाल अभी है जब 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा का स्नान बाकी है। महाकुंभ प्रशासन से लेकर पुलिस तक की तो इस सैलाब को संभालने में पसीने छूट ही रहे हैं। प्रयागराज के आसपास के सरहदी जिलों से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार के जिलों तक ट्रैफिक जाम ने अपना असर दिखाया है।

**संगम नोज पर नहीं है तिल रखने की जगह :** संगम तीर्थ पर तिल रखने की जगह नहीं है। एक डुबकी की हसरत और महाकुंभ स्नान की चाहत में करोड़ से ज्यादा लोग रोज प्रयाग पहुंच जा रहे हैं। गंगा की घाटों की ओर जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं का अनवरत सैलाब बह रहा है। चंद किलोमीटर से लेकर सैकड़ों किलोमीटर की दूरी करके प्रयाग पहुंच रहे श्रद्धालु पैदल चल चलकर निहाल हुए जा रहे हैं।

श्रद्धालुओं का सैलाब इस कदर शहर में उमड़ रहा है कि भीड़ को नियंत्रित करने में प्रयागराज प्रशासन से लेकर महाकुंभ प्रशासन तक के पसीने छूट रहे हैं। शहर के आधे से अधिक फ्लाई ओवर्स पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जा चुकी है।मगर भीड़ है कि थम नहीं रही है। ये हाल तब है जब घंटों तक प्रयागराज की सड़कों पर पैदल चलकर लोग संगम पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं और मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया जा चुका है।

क्षेत्र में श्रद्धालुओं को अधिकारियों और वीआईपी लोगों के वाहन दिखाई दे रहे हैं तो उनमें नाराजगी फैल रही है। हालांकि महाकुंभ में यूं तो वीआईपी श्रद्धालुओं का स्नान हो चुका है लेकिन देश की सबसे बड़ी वीआईपी और राष्ट्र प्रमुख द्रौपदी मुर्मू के स्नान को लेकर प्रशासन ने जो बंदिशें लगाईं उसे लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रशासन ने ज्यादातर पंटून पुल बंद कर रखे हैं। फिर भी एक दिन में एक करोड़ 42 लाख से अधिक लोग स्नान कर रहे हैं। महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा तो किसी तरह पूरी हो जा रही है। लेकिन जिस तरह प्रयागराज में आने वाले लोगों की भीड़ बढ़ रही है उससे पूरे प्रयागराज में हालात चरमराये नजर आते हैं।

**इस वजह से भी बढ़ रही है भीड़ :** प्रयागराज में पैदा हुए हालात को लेकर वहां पहुंच रहे श्रद्धालुओं, पुलिसकर्मियों, प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद पता चलता है कि दरअसल इस परेशानी के पीछे कुछ बड़ी वजहें भी हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं हो रही है।पीएम के दौरे के बाद महाकुंभ में श्रद्धालुओं की तादाद तेजी से बढ़ी है।ज्यादातर लोग निजी वाहनों से प्रयागराज पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।प्रयागराज में 7 मार्गों पर बनाये गए कुल 112 पार्किंग स्थलों में से अमृत स्नान खत्म होने के बाद सिर्फ 36 पार्किंग स्थल ही चालू नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि निजी वाहनों का रेला प्रयागराज की ओर बढ़ रहा है और उचित पार्किंग नहीं होने की वजह से सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। प्रयागराज के स्थानीय लोगों की शिकायत है कि प्रयागराज के बॉर्डर पर वाहनों को रोकने के लिए बनाई गई व्यवस्था ढीली पड़ गई है। साथ ही प्रयागराज पुलिस और प्रशासन का सीमावर्ती जिलों से तालमेल में कमी दिख रही है।ऊपर से व्यवस्था संभालने के लिए तैनात किये गए अर्धसैनिक बल के जवानों को भौगोलिक स्थितियों की जानकारी नहीं है। जिसमें श्रद्धालुओं को सही दिशा निर्देश नहीं मिल पा रहा है। ट्रैफिक जाम होने की सूरत में बाहर से आ रहे श्रद्धालुओं को पहले से सूचना नहीं मिल पा रही है। इससे और अव्यवस्था बढ़ रही है। इसी बीच वीआईपी प्रोटोकॉल की वजह से जगह-जगह की जा रही बैरिकेडिंग से भी घंटों घंटों का जाम लग जा रहा है। जिसका असर कई-कई किलोमीटर तक दिख रहा है। इतनी भीषण भीड़ और ट्रैफिक जाम में फंसकर प्रयागराज में पहुंचने वाले श्रद्धालु जब लौट रहे हैं तो यही सलाह दे रहे हैं कि अब तो माघ पूर्णिमा के बाद ही लोग आएं तो ठीक है। वरना महाकुंभ में स्नान नहीं आसान है।प्रयागराज में जिस हिसाब से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उससे मेलाक्षेत्र में पैदल यात्रियों को तो दिक्कत नहीं है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 7

## अखिलेश यादव ने सरकार पर बोला हमला

प्रयागराज में जो भीड़ दिख रही है उससे शहर के हालात तो खराब हो ही रहे हैं। प्रयागराज के आसपास के जिलों में भी भयानक ट्रैफिक जाम लग रहा है।मध्य प्रदेश से लेकर बिहार तक लाखों वाहन सड़कों पर फंसे हुए हैं।उसमें फंसे करोड़ से ज्यादा लोग न आगे बढ़ पा रहे हैं न पीछे लौट सकते हैं। प्रयागराज के हालात को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर तमाम विपक्षी नेता लगातार सरकार और प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। अखिलेश यादव का आरोप है कि ट्रैफिक जाम में फंसे लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। जमीन पर कोई मंत्री या जिम्मेदार नेता दिखाई नहीं पड़ रहे। व्यवस्था में दिन रात जी जान से जुटे कर्मचारियों की सुध लेने वाला भी कोई नहीं है।



# महाकुंभ में योगी ने भेजे तीन आईएएस और 25 पीसीएस अफसर

**लखनऊः** प्रयागराज में कुंभ के मौके पर भारी व्यवस्था और जाम को देखते हुए भीड़ को कंट्रोल करने वाले अनुभवी प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी प्रयागराज में लगाई गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तैनात 3 आईएएस और 25 पीसीएस अधिकारियों को महाकुंभ में तैनाती दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से ये आदेश सोमवार की शाम जारी किया गया है। इस आदेश के तहत सभी अधिकारियों को तत्काल कुंभ में ज्वाइन करना होगा।



कुंभ में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जबरदस्त अव्यवस्था व्याप्त हो गई है। हर और सड़क जाम के नजारे हैं। तीर्थ यात्री परेशान है। विपक्ष सरकार को आड़े हाथों ले रहा है। जिससे योगी आदित्यनाथ की सरकार की छवि खराब हो रही है। इन स्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती महाकुंभ नगर में की जा रही है। ये आदेश डॉ एस पी गोयल की ओर से जारी किया गया है।

**इन 3 आईएएस अफसर की हुई तैनाती :** राल्ला पल्ली जगत साईं संयुक्त मजिस्ट्रेट बाराबंकी।

शाश्वत त्रिपुरारी संयुक्त मजिस्ट्रेट अलीगढ़।

के के किशोर संयुक्त मजिस्ट्रेट मेरठ।

**25 पीसीएस अफसर की हुई तैनाती।**

# लाइन पार इलाके में जलभराव का होगा काम तमाम

## बन रहा है 2.16 करोड़ से नाला, मेयर ने कहा अब नहीं भरेगा हाईवे पर बरसाती पानी




गाजियाबाद, करंट क्राइम :

दिल्ली-मेरठ नेशनल हाईवे-09 से सटे हुए विजयनगर इलाके में आने वाले बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। अब नगर निगम ने वार्ड-58 और 25 के अंतर्गत आने वाली राठी रोड से शिवपुरी होते विजयनगर बाईपास तक जाने वाले मार्ग पर बड़ा नाला का निर्माण शुरू करवाया गया है। सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने नारियल तोड़कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की है और बताया जा रहा है कि इस नाले के बनने से दिल्ली-मेरठ हाईवे पर ना सिर्फ जलभराव होगा बल्कि विजयनगर की कई कॉलोनी में भी इससे राहत मिलेगी। बता दें की बारिश के दिनों में यहां पर जलभराव हो जाता था, जिससे लोगों को आवागमन और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पार्षदों ने रखी थी जलभराव की समस्या और मेयर ने लिया था संज्ञान

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी मिली है, इन दोनों वार्ड में जलभराव होने और दिल्ली-मेरठ नेशनल हाईवे-09 पर जलभराव की समस्या को लेकर बीते दिनों महापौर सुनीता दयाल से स्थानीय पार्षदों ने अपनी बात रखी थी। उन्होंने समस्या से महापौर को अवगत कराया था और बताया था कि कितनी बड़ी संख्या में जनता को परेशानी होती है। जिसके बाद महापौर सुनीता दयाल द्वारा खुद इस स्थान का निरीक्षण किया गया था और अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि जल्द ही यहां पर नाले का निर्माण कराया जाए ताकि बारिश आने से पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाए और बारिश के दिनों में लोगों को परेशान नहीं होना पड़े।



### 2 करोड़ 16 लाख से आरसीसी नाले का हो रहा है निर्माण

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि इस नाले का निर्माण दो करोड़ 16 लाख रुपए से किया जा रहा है। यह आरसीसी वाला नाला रहेगा, इसका निर्माण का शिलान्यास महापौर ने किया है। इस मौके पर पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद संतोष राणा, पार्षद ओम प्रकाश, जेराजू त्रिपाठी सहायक अभियंता, श्याम सिंह अमर अभियंता एसके सरोज व शिवपुरी के लोग उपस्थित रहे।

# पुत्र के लगन सगाई समारोह में दिखाई दिया विधायक नंदकिशोर गुर्जर का सियासी वजूद

## उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम से लेकर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष सहित कई दिग्गज रहे मौजूद










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सियासत वालों का सामाजिक कद तब पता चलता है जब उनके यहां कोई पारिवारिक कार्यक्रम होता है। राजनीतिक कार्यक्रम में तो कार्यकताओं की भीड़ जुटती है, लेकिन सामाजिक कार्यक्रम में, पारिवारिक कार्यक्रम में वो लोग दिखाई देते हैं जिनसे सियासत वालों का अपना नाता होता है। क्योंकि यहां सीन निमंत्रण का होता है, यहां सीन अपनेपन का होता है और इसी से पता चलता है कि सियासत वाले नेता का वजूद क्या है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार दूसरी बार लोनी से विधायक हैं। वो क्रांतिकारी विधायक माने जाते हैं। बड़े स्तर से लेकर वो स्थानीय स्तर तक कभी भी जनमुद्दों को लेकर मोर्चा खोल देते हैं। विधानसभा से लेकर बिरादरी तक वो लोकप्रिय माने जाते हैं।

युवाओं के बीच उनका क्रेज है और बिरादरी के बुजुर्ग भी उन्हें प्रभावशाली नेता मानते हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के सुपुत्र नागेश गुर्जर का लग्न सगाई समारोह था और बेटे के लग्न सगाई समारोह में विधायक नंदकिशोर गुर्जर सियासी वजूद दिखाई दिया। यहां विधानसभा की ताकत थी, यहां बिरादरी की ताकत थी और सबसे बड़ी बात ये थी कि लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस समारोह में ये साबित कर दिया कि उनका सियासी वजूद अब विधानसभा से आगे का है। उनके बेटे के लग्न सगाई समारोह में डिप्टी सीएम से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तक मौजूद रहे। बड़े चेहरों की बात करें तो यहां उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंचे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया पहुंचे। प्रदेश महामंत्री तथा नोएडा विधायक पंकज सिंह पहुंचे।

इसके अलावा यहां मंत्री कपिलदेव अग्रवाल पहुंचे। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश पहुंचे, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद रहे। शहर विधायक संजीव शर्मा मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे। प्रमुख चेहरे जब मौजूद रहे थे तो सियासी वजूद अपने आप दिखाई दे रहा था। विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक संदेश देने में सफल रहे हैं। उन्होंने शंभू दयाल डिग्री कॉलेज की छात्र राजनीति से अपना सियासी सफर शुरू किया था। आज वो लगातार दूसरी बार विधायक हैं। उनके यहां क्षेत्र की एक बड़ी आबादी उनके निमंत्रण पर पहुंची। ग्रामीण परिवेश में उनकी टीआरपी दिखाई दे रही थी। उनके गांव गनोली में शायद ही कोई परिवार ऐसा हो जो उनके यहां ना पहुंचा हो। पूरे गांव की चूल्हानौत दावत थी।

आसपास के गांव के लोग मौजूद थे। बिरादरी के लोग पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पहुंचे। हजारों की संख्या में मेहमानों के लिये भोजन का इंतजाम था और हजारों लोग उनके निमंत्रण पर उनके गांव आए थे। एक बड़ी बात सामाजिक रुतबे की भी है और एक बड़ी बात उनकी टीआरपी की भी है। सुबह से शाम तक दावत का दौर चलता रहा। ना भोजन की कमी और ना मेहमान कम हुए। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सियासत में अपने मजबूत वजूद को दिखा दिया। सामाजिक कार्यक्रम, पारिवारिक कार्यक्रम वो मौके होते हैं जब आपका सामाजिक रुतबा दिखाई देता है। इसी से पता चलता है कि किसी भी नेता की अपने समाज में क्या छवि है। लोग उनसे जुड़ना कितना पसंद करते हैं। बेटे का लग्न सगाई समारोह था और पिता के रूप में विधायक नंदकिशोर गुर्जर का सामाजिक रुतबा यहां पूरा क्षेत्र देख रहा था। ये नाम ये सम्मान उन्होंने अपने व्यवहार से कमाया है। ये एक बड़ी उपलब्धि है कि जिसे भी विधायक ने निमंत्रण दिया वो पूरे सम्मान के साथ पहुंचा। स्वयं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सभी का स्वागत किया।

# समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने परिवार संग महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता धर्मपत्नी रश्मि गुप्ता और डायरेक्टर राजीव गुप्ता धर्मपत्नी सीमा गुप्ता के साथ रविवार को प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचे जहां उन्होंने पवित्र महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम में स्नान करने के पश्चात संगम पर गंगा मैया की आरती की। इसके पश्चात संगम घाट पर नौका विहार करते हुए भव्य और ऐतिहासिक महाकुम्भ का अवलोकन किया।

इस तीर्थ के अनुभवों को साझा करते हुए संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि पूरा प्रयागराज इस महाकुम्भ के आयोजन पर दुल्हन की तरह सजा हुआ है। हर ओर धर्म ध्वजाओं और शंखनांद की ध्वनि से पूरा माहौल आध्यात्मिक हो गया है। सरकार की ओर से सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। संजीव गुप्ता ने सभी देशवासियों का आवाहन करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। इस आध्यात्म के दुर्लभ और ऐतिहासिक पर्व में सभी को आस्था की डुबकी लगाने के लिए एक बार प्रयागराज अवश्य आना चाहिए क्योंकि यहां अलौकिक आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है।

# अजय गुप्ता की नातिन इशिता जिंदल ने फिर किया जिले का नाम रोशन, बीसीए की परीक्षा में किया टॉप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मां-बाप हों या नाना-नानी या दादा-दादी उस समय उनका सीना गर्व से फूल जाता है, जब उनका बच्चा उनका नाम रोशन करता है। अजय गुप्ता की नातिन इशिता जिंदल, पुत्री ज्योति जिंदल एवं उमेश जिंदल, ने जगन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईपी यूनिवर्सिटी में बीसीए की परीक्षा में क्लास ही नहीं पूरे स्कूल में टॉप करके एक रिकॉर्ड बनाया। बिटिया ने गाजियाबाद का नाम रोशन किया, इसलिए कहते हैं विद्या की देवी सरस्वती जिसके घर में विराजमान होती हैं, उस घर में कभी दरिद्रता कदम नहीं रख सकती। इशिता जिंदल ने स्कूल टॉप करके, परिवार का ही नहीं, पूरे महानगर का मान-सम्मान बढ़ाया। इशिता की इस कामयाबी पर हम दिल की गहराइयों के इशिता जिंदल को दुआएं और प्यार देते हैं। आशा करते हैं भविष्य में वह महानगर का ही नहीं, देश का नाम भी ऊंचा करें।

# पीएम मोदी के मन की दिल्ली विषय पर बैठक आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय मंत्री, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं संगठन महामंत्री पवन राणा के साथ रविवार को सभी 48 नवनिर्वाचित विधायकों ने बैठक की।

बैठक में समस्त नेताओं ने विधायकों का ध्यान नतीजे वाले दिन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजय संदेश की ओर आकृष्ट किया और कहा कि हमें बिना समय खोये प्रधानमंत्री के मन की विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए काम शुरू करना होगा।

# मधुबन बापूधाम योजना के लिए अर्जित क्षेत्र का ड्रोन सर्वे प्रारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार सोमवार को मधुबन बापूधाम योजना के संपूर्ण अर्जित क्षेत्र का ड्रोन सर्वे प्रारंभ किया गया है। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य योजना के संपूर्ण क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन करना है। ड्रोन सर्वे के माध्यम से प्राप्त डाटा को योजना के सजरा प्लान और लेआउट प्लान पर सुपरइंपोज किया जाएगा। इस तकनीकी प्रक्रिया से वास्तविक स्थलीय स्थिति के अनुरूप योजना का लैंड ऑडिट करना संभव होगा, जिससे भविष्य में बेहतर योजना निर्माण और प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

ड्रोन सर्वे अत्यंत सटीकता और कम मानवीय संसाधन लागत में किया जाने वाला आधुनिक और कुशल तकनीकी कार्य है। इसके माध्यम से उच्च रिजॉल्यूशन आर्थो फोटो और विस्तृत 3डी मॉडल तैयार किया जाएगा, जिससे योजना क्षेत्र की बारीकी से जांच और विश्लेषण किया जा सकेगा। यह पहल क्षेत्रीय विकास में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राइज इन इंडिया 2025 के अंतर्गत एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में जॉब फेयर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय बनाने के लिए ऐतिहासिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, साथ ही युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया जा रहा है। 13 फरवरी 2025 को, यूनिवर्सिटी एक मेगा जॉब फेयर की मेजबानी करेगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियां बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, बीटेक, एमटेक, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डीफार्मा, बीफार्मा, एमफार्मा, बीकॉम, एलएलबी और होटल मैनेजमेंट सहित कई तरह के पाठ्यक्रमों से प्रतिभाशाली स्नातकों की भर्ती करेगी। इस कार्यक्रम में 2025 पास आउट बैच, और पिछले बैच के उम्मीदवार शामिल होंगे। आने वाली कंपनियों में एक्सिस बैंक, बर्मा एंड बर्मा रेस्टोरेंट, एनआईआईटी फाउंडेशन, पेटीएम, एसबीआई कार्ड, बिरयानी ब्लूज, हल्दी राम, स्विगी इंस्टामार्ट, रैबल्स फूड, फासूस, सिलारिस, अमेरिकन एक्सप्रेस, इनफिनिटीएक्स, ऑल्टसोर्स, कैपिटल पावर सिस्टम्स, टेकिंसी, एचआरएक्सपी अकादमी, लूकैट, ईजी सोलर, फोर पॉइंट्स बाय शेरेटन, फॉर्च्यून बाय आईटीसी शामिल हैं। एचआरआईटी यूनिवर्सिटी 20 से 22 फरवरी 2025 तक यूनिवर्सिटी कैंपस, गाजियाबाद में राइज इन इंडिया का आयोजन कर रही है। इस दौरान जॉब फेयर में कंपनियों द्वारा चुने गए छात्रों को औपचारिक रूप से भारत सरकार के प्रतिष्ठित मंत्री जॉब फेयर में चयनित छात्रों को ऑफर लेटर भी वितरित करेंगे।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया गन्ने से भरा ट्रक

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर में सोमवार दोपहर तीन बजे एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली कलां के पास गन्ने से ओवरलोड एक ट्रक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसमें आग लग गई और बाद में ट्रक पलट गया। घटना के समय ट्रक मोदीनगर की ओर जा रहा था। रावली कलां के पास पहुंचते ही ट्रक में लदा गन्ना हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इस टकराव से तुरंत ट्रक में आग लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के कारण ट्रक बेकाबू हो गया और पलट गया। स्थानीय निवासियों संजय शर्मा और परशुराम के अनुसार, इस मार्ग पर रोजाना 24 से अधिक ओवरलोडेड गन्ने के ट्रक गुजरते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने कई बार पुलिस प्रशासन से इन ओवरलोडेड वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# डीएम ने दिए 138 कार्यकर्ताओं की भर्ती करने के निर्देश, 98 हजार लाभार्थी पंजीकृत, 193 पद खाली



**वर्तमान में 696 आंगनबाड़ी कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 193 पद रिक्त हैं।**

## डीएम ने मार्च 2024 में 138 आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के दिए निर्देश

**हापुड़ करंट क्राइम।** जिलाधिकारी ने भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इन पदों पर कार्यकर्ताओं की नियुक्ति हो सके और विभागों के कामकाज को सुचारू रूप से चलाया जा सके। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

जिले में कुल 889 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें 798 मुख्य केंद्र और 91 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। वर्तमान में 696 आंगनबाड़ी कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 193 पद रिक्त हैं। इसी तरह 798 स्वीकृत सहायिका पदों में से 607 पर नियुक्तियां हैं। जिले में कुल 98,471 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 7,264 गर्भवती महिलाएं, 5,971 धात्री माताएं, 5,229 छह माह तक के शिशु, 49,006 छह माह से तीन वर्ष के बच्चे और 31,001 तीन से छह वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं।

डीएम ने मार्च 2024 में 138 आंगनबाड़ी कार्यकताओं की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सैम बच्चों का ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण और उन्हें नियमित पोषाहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत लाभार्थियों का वजन और लंबाई दर्ज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु ने भी दिशा निर्देश दिए।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, तेज रफ्तार बाइक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर




**नोएडा करंट क्राइम।** दनकौर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 68 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बुलंदशहर निवासी नैन सिंह सोमवार सुबह किसी काम से दनकौर आए थे। वापसी के दौरान दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर एक गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में नैन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दनकौर कोतवाली के प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने न तो पोस्टमार्टम कराने की सहमति दी और न ही पुलिस में कोई शिकायत दर्ज कराई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक की तेज रफ्तार इस हादसे का मुख्य कारण बनी। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन परिजनों द्वारा शिकायत न करने के कारण आगे की कार्रवाई में कठिनाई आ सकती है।

# गाजियाबाद, नोएडा में करोड़ों की जीएसटी चोरी पकड़ी

## आयुक्त संजय लवानिया की अगुवाई में अभी भी चल रहा है सर्च ऑपरेशन



**गाजियाबाद /नोएडा करंट क्राइम।** केंद्रीय माल और सेवाकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत लगातार कार्रवाई चल रही है। 6 और 7 फरवरी को आयुक्त संजय लवानिया की अगुवाई में सीजीएसटी गाज़ियाबाद की कर अपवंचन शाखा के अधिकारियों द्वारा सर्च ऑपरेशन किया गया। जिसमें सामने आया कि बड़े स्तर पर जीएसटी चोरी की गई है। सर्च ऑपरेशन में अधिकारी भी रहे शामिल वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मेसर्स महागुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नोएडा और गाज़ियाबाद स्थित कार्यालयों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस बड़ी कार्रवाई में यह पाया गया कि विभिन्न मदों में मेसर्स महागुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 6.80 करोड़ की ऋळ जमा नहीं की गई। जिसे तत्काल जमा कराया गया। सीनियर अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि अभी यह कार्रवाई जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है। कि अलग अलग मदों में कितने देय जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया है। यह उम्मीद की जा रही है कि कार्रवाई के पूरा होने तक बड़े पैमाने पर कर वसूली की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में आयुक्त आलोक सिंह, अपर आयुक्त अरुण कुमार द्विवेदी, और कर अपवंचन शाखा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# पीएम मोदी का छात्रों को संदेश: किताबी कीड़ा नहीं बनें, पुराने पेपर्स हल करें



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर के डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में 'परीक्षा पर चर्चा 2025' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 400 छात्रों और 50 शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों को महत्वपूर्ण सलाह देते हुए कहा कि माता-पिता को अपने सपने बच्चों पर नहीं थोपने चाहिए। उन्होंने परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए पुराने प्रश्न पत्रों को हल करने पर जोर दिया, जिससे समय प्रबंधन का कौशल विकसित होगा। पीएम ने छात्रों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रहने की सलाह दी और कहा कि वे अपनी रुचि के क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास करें। उन्होंने विफलताओं को शिक्षक के रूप में देखने और उनसे सीखने का संदेश दिया। प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में डॉ. अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षाओं के छात्रों को विशेष सुझाव दिए। उन्होंने संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और प्रातः भ्रमण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्राणायाम का अभ्यास करने, पर्याप्त जल पीने और हल्का भोजन करने की सलाह दी। साथ ही, लिखकर अभ्यास करने पर विशेष जोर दिया, जो परीक्षा की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जेल से लौटे दहेज हत्या के दोषी ने की खुदकुशी

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दहेज हत्या के मामले में साढ़े आठ साल की सजा काटकर लौटे 31 वर्षीय पंकज कुमार ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पंकज धैदा गांव का रहने वाला था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। 2012 में पंकज की शादी हापुड़ निवासी आरती से हुई थी, जिनसे उनका एक बेटा मयंक है। 2016 में आरती की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उनके परिजनों ने पंकज पर दहेज के लिए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। मामले में 2019 में पंकज को सजा सुनाई गई और वह 24 दिसंबर 2023 तक जेल में रहा। ग्रामीणों के अनुसार, पंकज अपने अब 11 वर्षीय बेटे मयंक को लेकर बेहद परेशान था, जिसे उसने जेल जाने के बाद नहीं देखा था। वह अपने बेटे को साथ रखना चाहता था और उसे मां-बाप दोनों का प्यार देना चाहता था। इसके लिए वह रिश्तेदारों के माध्यम से ससुराल से संबंध सुधारने की कोशिश कर रहा था, लेकिन दहेज हत्या के कलंक के कारण साहस नहीं जुटा पा रहा था।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद में विक्ड अड्डा का बहुउद्देशीय धमाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. हिमांशु सिंघल (सेक्रेटरी) की अनुमति व प्रो. (डॉ0) अनिरुद्ध विश्वास (निदेशक) व प्रो. (डॉ0) प्रवीण कुमार गुप्ता (प्राचार्य) के दिशा निर्देश में टीवीएस राइडर्स व दैनिक जागरण के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक बहुउद्देशीय कार्यक्रम विक्ड अड्डा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सुप्रसिद्ध एंकर अमित माथुर (एआई एंकर), सुपरवाइजर कमल मिश्रा, प्रमोटर भीम व अशोक ने पूर्ण मनोयोग से चार घंटे के मैराथन कार्यक्रम में अनेक शानदार रोचक कंपीटिशन, एक्टिविटीज, राइड्स, लक्की ड्रॉ व फोकस एक्टिविटीज आदि कराई। सड़क सुरक्षा, महिला शशक्तिकरण, आत्म बल, छात्र छात्राओं की अभिव्यक्ति व ध्यान एकाग्रता के चमत्कार, कार्यक्रम के केंद्र में रहे। लाफ्टर चैलेंज, अविचलित ध्यान के लिए व्युत्क्रम 'जेड' से 'ए' तक बोलना, गायन, एक्टिंग, शायरी व टीवीएस बाइक राइडिंग अनुभव से सजे कार्यक्रम का सभी छात्र छात्राओं ने खूब आनंद लिया। संस्थान के सेक्रेटरी डॉ0 हिमांशु सिंघल ने लकी ड्रा के कूपन निकाले जिसमें प्रथम पुरस्कार, सैमसंग ए15 मोबाइल नितेश कुमार (पॉलीटेक्निक प्रथम वर्ष) को; रुपए 500 के वाउचर्स मीनाक्षी (बीबीए द्वितीय वर्ष), इमरान चौधरी (डी फार्म) व शमशुद्दीन (बी फार्म) को, अनेक छात्र छात्राओं को पॉप शोकेट्स और की-चैन गिफ्ट में दी गईं। सभी छात्र - छात्राएं इस शानदार कार्यक्रम से और गिफ्ट्स पाकर खूब प्रसन्न दिखे।

# अवैध निर्माणों पर चला जीडीए का बुलडोजर



**लोनी, करंट क्राइम।** राशीद नगर शगुन मैरिज होम के पीछे चला पीला पंजा। जीडीए अधिकारी व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। विद्युत विभाग द्वारा भी 30 से 35 मीटर की दूरी पर हुए कनेक्शन के विरुद्ध होगी कार्रवाई और इसकी जांच रिपोर्ट भी बनाई जाएगी। पहले भी कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान बेच रहे डीलर द्वारा मोटी रकम लेकर जमीन को बेचा गया। सरकारी राजस्व को भी हानि पहुंचाई गई है। करोड़ों रुपए डीलर द्वारा इस जमीन में कमाए गए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उनसे मोटी रकम लेकर जमीन बेची है और मोटा मुनाफा कमाया है। जीडीए द्वारा यह जमीन पास नहीं है। इसकी जानकारी जमीन लेने वाले स्थानीय निवासियों को डीलर द्वारा नहीं दी गई है। लोनी प्रेम नगर व रशीद नगर शगुन मैरिज होम के पीछे लगभग 1 वर्ष पूर्व खाली पड़ी जमीन पर नगर पालिका द्वारा बोर्ड लगाया गया था और उसे पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश पारित किया था, वही उस जमीन पर लगे हुए बोर्ड को कुछ व्यक्तियों ने उखाड़ फेंका और कई बार जीडीए एवं नगर पालिका व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जमीन पर बने हुए मकानों को व बाउंड्री को तोड़ा गया था।

# व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**हापुड़ करंट क्राइम।** नगरपालिका परिषद द्वारा हाउस टैक्स और जलकर में की गई भारी वृद्धि के विरोध में व्यापारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल की राजमहल बैंक्वेट हॉल में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने टैक्स में 10 से 11 गुना तक की गई वृद्धि का कड़ा विरोध किया।

मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि नगरपालिका की टैक्स वृद्धि की नीति तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि आसपास की नगरपालिकाओं में या तो पूरे शहर में एक साथ या फिर वार्डवार टैक्स निर्धारण किया जा रहा है, लेकिन हापुड़ में 283 मोहल्लों के हिसाब से अलग-अलग और काफी अधिक दर पर टैक्स लगाया जा रहा है।

तथ्य नपा के समक्ष रखे जाएंगे बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आपत्तियों को तथ्यों के साथ नगरपालिका के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही विधायक हापुड़ सदर, मेरठ लोकसभा के सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस मुद्दे को उठाया जाएगा। नगरपालिका परिषद के सभासद भी एक संयुक्त बैठक कर टैक्स वृद्धि का विरोध करेंगे। अगर कोई समाधान नहीं निकला तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे और जनपद के बाजार को बंद करवाएंगे।

बैठक में व्यापारी नेता संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा सर्राफ, पूर्व सभासद प्रभात अग्रवाल और योगेंद्र पंडित, विजेंद्र गर्ग, सभासद मोनू बजरंग और नितिन पराशर सहित कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

ईओ को सौंपा ज्ञापन पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजय डाबर ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया कि नगर पालिका द्वारा ग्रहकर और जलकल में 10 से 11गुना वृद्धि किए जाने संबंधी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई गई। जिस पर आपत्ति मांगी गई थी। बताया गया कि वर्तमान में व्यापार एवं आम आदमी पहले से ही आर्थिक दवाब का सामना कर रहे हैं। इस कर वृद्धि से न केवल व्यापारियों पर अतिरिक्त वत्तीय भार पड़ेगा, बल्कि आम जनता भी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय पर पुनःविचार किया जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने रखा अपना दृष्टिकोण

## पांच टर्म की बताई परंपरा और कहा- प्रवेश वर्मा हो सकते हैं दिल्ली के सीएम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भले ही सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन वो खुद को हर राजनीतिक घटनाक्रम से अपडेट रखते हैं। वो आसपास हो रही राजनीतिक घटनाओं पर संज्ञान लेते हैं। उनकी विस्तार से राय उनकी पोस्ट पर आती है। ऐसा कभी नहीं होता कि वो सियासी घटनाओं को इग्नोर करें। वो अपने राजनीतिक अनुभव का भी हवाला अपने लेख में देते हैं। वो सियासी घटनाओं से जोड़कर अपना लेख लिखते हैं और अक्सर कई बार वो किसी की खुशी या नाराजगी की परवाह किये बिना अपनी बात लिखते हैं। दिल्ली चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की है। यहां सीएम चुनने के लिये अभी पीएम के आने का इंतजार हो रहा है। इसी बीच कयास लग रहे हैं कि कौन दिल्ली का सीएम हो सकता है। इन सबके बीच पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की राय आई है। उन्होंने ये लिखा है कि अगर आप मुझसे पूछे कि दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए तो मैं कहूंगा कि वैसे तो कई नेतागण इस पद के योग्य हैं, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इन सभी निर्वाचित माननीय विधायकगणों में प्रवेश वर्मा सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। मेरे इस मत के पीछे कई कारण हैं। जो उनको मुख्यमंत्री पद के उपयुक्त प्रमाणित करते हैं। बालेश्वर त्यागी ने लिखा कि लेकिन मैं आज उन सबकी चर्चा नहीं कर रहा हूं। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की जनता की स्वाभाविक इच्छा यही होगी कि पिछले पांच टर्म से चली आ रही परंपरा के अनुसार उनका विधायक ही दिल्ली का मुख्यमंत्री बनें। केजरीवाल राजनीति में कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। वे एक मायावी व्यक्ति हैं। उनको पराजित करना एक असंभव लक्ष्य था। प्रवेश वर्मा की जीत ने प्रवेश वर्मा के राजनीतिक कौशल और परिश्रम से इसको संभव बनाया है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अपने इस लेख के जरिए दिल्ली चुनाव के बाद दिल्ली के संभावित मुख्यमंत्री को लेकर एक नाम सुझाया। उन्होंने इस नाम को परंपरा से जोड़ा। ये बताया कि ऐसी परंपरा है और इस परंपरा के अनुपालन में यह नाम होना चाहिए। बालेश्वर त्यागी राजनीति का एक युग देख चुके हैं। उन्होंने संगठन से लेकर सरकार देखी है। पक्ष से लेकर विपक्ष देखा है और उनके शब्दों की सबसे बड़ी खासियत यही है कि वो पूरी ईमानदारी के साथ बात को रखते हैं। अपनी बात के हर पहलू को लिखते हैं। अब भाजपा के विचारशील चिंतक नेता तथा सरकार में मंत्री रह चुके बालेश्वर त्यागी के इन शब्दों को सहेजकर रखना चाहिए। अगर उनका अनुमान सटीक बैठता है तो फिर ये माना जाएगा कि वह गहरे राजनीतिक विश्लेषक हैं और उनके पास अनुभव की पूंजी है। उन्होंने वो नाम बताया है जो समीकरण और परंपरा दोनों पर फिट बैठ रहा है। फिलहाल फैसला भाजपा हाईकमान को लेना है और अनुमान पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने बता दिया है।

### सेना की जमीन पर बनेगी रेलवे की मल्टी लेविल पार्किंग

## रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के पास पहुंचे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा इन दिनों लाईन पार क्षेत्र को लेकर विकास के विजन के साथ फोकस कर रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले सेना की उस जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जो जमीन चांदमारी झुग्गी बस्ती के नाम से जानी जाती थी और कई दशक से इस पर अवैध कब्जा था। इस जमीन को मुक्त कराने के बाद अब शहर विधायक संजीव शर्मा का ये प्रयास है कि विजय नगर क्षेत्र में सेना की जो जमीन है उसे रेलवे को दिया जाये और रेलवे यहां मल्टी लेविल पार्किंग बनाये। इससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी और जमीन का भी सद्उपयोग होगा।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी विकास के इस विजन से सहमत हैं। दिल्ली में सोमवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा ने रेल मंद्बी अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। यहां एक पत्र रेल मंत्री को सौंपा गया और इस पत्र में यह मांग की गई है कि रक्षा मंत्रालय की खाली जमीन पर रेलवे की मल्टीलेविल पार्किंग बने और यह जमीन अन्य सुविधाओं के लिए मिले। शहर विधायक संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि यह जमीन विजय नगर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास है। उत्सव भवन के सामने जमीन है और आरओबी के पास जमीन है। अगर इस जमीन को रेलवे को दे दिया जाता है तो यहां यात्रियों की सुविधा के लिए मल्टीलेविल पार्किंग बनायी जा सकती है। इस जमीन का स्थानीय जनता के लिए उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस जमीन को विभागीय नियम के तहत एक विभाग से दूसरे विभाग में ट्रांसफर किया जा सकता है। इसमें जो भी नियम होंगे उनका पालन हो जायेगा और इससे इस जमीन का उपयोग जनहित में हो जायेगा।

### शहर विधायक बैठेंगे तहसील दिवस में अधिकारियों के साथ

**करंट क्राइम।** जनता से संवाद कायम रहे और जनता के बीच सरकार के प्रति विश्वास कायम रहे। इसके लिए जन सहभागिता जरूरी है और शहर विधायक संजीव शर्मा जल्द ही एक नई पहल करने जा रहे हैं। वो तहसील दिवस और थाना दिवस में स्वयं पहुंचेगें। यहां वो जनता की समस्याओं को भी सुनेंगे और ये भी देखेंगे कि सरकार के अधिकारी किस तरह से इन दिवसों में आई समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इसके अलावा जल्द ही शहर विधायक क्षेत्र की जनता को एक बड़े पुल की सौगात देने जा रहे हैं। यह पुल सिद्धार्थ विहार और वसुंधरा को जोड़ता है। जल्द ही यह प्रस्ताव भी पा हो जायेगा।

### उठते सवालों का करंट

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे क्रान्तिकारी विधायक के कार्यक्रम में मौजूद? कार्यक्रम में दिख रहा था उनकी ताकत का वजूद? डिप्टी सीएम से लेकर आयोजन में रहे प्रदेश अध्यक्ष तक मौजूद? मगर जो चेहरे साईलेंट चल रहे हैं वो यहां से भी साईलेंटली बना गये दूरी? या तो हो सकता है ना मिला हो आने का समय? या फिर रही हो कुछ और ही मजबूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर सौलंकी का अपना अलग ही हैं स्वेग? वो अपने इस स्वेग को करते है अपने हिसाब से टैग? उन्होंने छाती ठोक कर कही ये बात, कि मेरे क्षेत्र में आज तक साप्ताहिक बाजार बंद नहीं हुए साहब? मैंने किया यहां पर अपने पैंठ व्यापारियों को खुल कर फेवर? हम देख रहे थे जब कह रहे थे भगवा सौलंकी ये बात? तब देखते ही बन रहे थे उनके तेवर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मैम्बर सौंलकी बातों की फ्रंट फुट पर खेल रहे थे पारी? हम देख रहे थे उनके शब्द पूरी शीतलता से किसी मैम्बर पर पड़ रहे थे भारी? उन्होंने दिया यहां पर मैम्बर को दिव्य ज्ञान? कहा आप अपनी जिस फ्रैंड को नामित बनवाना चाहती हो? पहले उनसे कहो कि वो विधिवत रूप से भाजपा में आने का बनायें प्लान? यहां पर भगवा लेडी मैम्बर भी चुप नहीं रहीं? उन्होंने कहा कुछ भाभी की राजनीति के बारे में भी तो स्पष्ट कर दो श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर सिर्फ अपनी विधानसभा में ही नहीं करते हैं कार्यकर्ताओं के साथ इंसाफ? फिलहाल उनके पास अध्यक्ष वाली पॉवर है जिससे वो मुरादनगर और साहिबाबाद के कार्यकर्ताओं को भी दिलाते हैं इंसाफ? हमने देखा सपा वाले चौधरी कर रहे थे राशन वाले राघव को परेशान? इस बात को सुन कर कमांडर हो गये हैरान? उन्होंने किया था सपा वाले चौधरी को फोन? कर दिया था स्पष्ट आगे से इस मैटर में दखल मत देना श्रीमान? सुना है एक फोन से हो गया था कार्यकर्ता की समस्या का समाधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा डीडी भैया का राजनीति में है अलग ही किरदार? वो जिससे करते हैं उससे करते हैं पूरी शिद्दत से प्यार? हम थे क्रान्तिकारी विधायक के आयोजन में मौजूद? हमने देखा यहां पर डीडी भैया ने प्रिय दिल्ली वाले भैया का किया 3 घंटे तक इंतजार? जब हो गई भैया से मुलाकात? तभी वो निकले कार्यक्रम से बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं एक बात कर रहा हूं अपने दिल से जारी? पार्टी को अपने सबसे पुराने कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा के बारे में भी कुछ करनी चाहिए तैयारी? हम देख रहे हैं इन्होंने अपनी उम्र गुजार दी है भगवा सेवा में? फिर भी इनको नहीं मिला है कोई भी मजबूत वाला किरदार? हम देखते हैं पार्टी कार्यालय पर आने के लिए ये छोड़ देते हैं अपना घर-बार? अब तो हो गये हैं ये सीनियर सिटीजन? पार्टी अब नहीं तो कब करेगी इनके बारे में मजबूती से विचार? आज भी सक्रिय कार्यकर्ता वाला है इनका किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब बातों को ज्यादा मत घुमाओ और ना ज्यादा बनो एक्टर? अब क्लीयर कर दो महानगर अध्यक्ष को लेकर जिले में ओ और गाजियाबाद में जी रहेगा फैक्टर? अब ज्यादा एजी ओजी करने से नहीं चलने वाला है काम? कर देगी पार्टी अध्यक्ष वाली घोषणा? जिसमें जिलें में ओ और गाजियाबाद में जी फैक्टर रहेगा श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था एक अध्यक्ष के पास? कौन होगा अलगा अध्यक्ष, मेरी थी उनसे ये जानने की आस? मैं सोच रहा था वो घोषणा को लेकर 2-3 दिन का ही देंगे संदेश? मगर यहां तो कुछ और ही बोल गया उनका फेस? उन्होंने कहा आपको जो बता रहे हैं उस पर ज्यादा ना सोचना? अभी थोड़ा रूक कर होगी नए अध्यक्ष की घोषणा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैंने आपसे कहा नहीं था कि साईकिल वाले युवा नेता क्रान्तिकारी विधायक के ट्रेक पर चलते हैं यार? मैंने आपसे ये शब्द ऐसे ही नहीं कहे थे, कुछ तो है लगाव वाला किरदार? आपने देखा युवा नेता क्रान्तिकारी वालों के आयोजन में भी रहे पूरी शिद्दत से मौजूद? कहने वाले ने कहा तुम्हारी बात हमको हजम नहीं हो रही है? संबंध निभाने में पक्ष विपक्ष नहीं देखा जाता? हर गतिविधि को राजनीतिक दृष्टि से नहीं सेका जाता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खड़े थे साईकिल वाले युवा नेता के साथ? वो खुल कर रख रहे थे अपने दिल की बात? दे रहे थे वो अपने दिल का संदेश? कह रहे थे जब पक्ष वाले जनप्रतिनिधि, पक्ष वालों के मुद्दे उठा रहे हैं? फिर इस मामले में खामोश कैसे रह सकता है मेरा फेस? कहने वाले ने कहा जो भी हो साईकिल वाले ये युवा वाकई में क्रान्तिकारी हैं? हमें तो पता ही नहीं चलता यूथ की राजनीति में इसमें गाजियाबाद में कौन -कौन सा है इनके अलावा समाजवादी फेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### शराबियों पर कार्रवाई के मामले में सिटी पुलिस टॉप पर

## तीन घंटे में 308 लोगों पर पुलिस ने लिया एक्शन

### तीन जोन में 655 लोगों पर हुई सड़क पर जाम छलकाने पर कार्रवाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते लंबे समय से सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाने वालों के कार्रवाई के मामले में सिटी वाली पुलिस टॉप पर चल रही है। रविवार की रात पुलिस ने सिटी जोन में 308 लोगों पर कार्रवाई की है। तो वहीं ग्रामीण जोन में 179 और 168 कुल मिलाकर तीनों जोन में 655 लोगों पर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। बता दें कि बीते एक महीने से लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में यह अभियान चल रहा है और इसमें पुलिस लगातार कार्रवाई वाली संख्या पर जोर दे रही है। वहीं सभी एसीपी सत्र के अधिकारियों को भी इन अभियान को पूरी गंभीरता से चलाने के निर्देश दिए गए थे।

### नंदग्राम और कोतवाली पुलिस ने की सबसे ज्यादा कार्रवाई






करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी जोन के थाना कोतवाली पुलिस ने 61, विजयनगर ने 58, थाना सिहानी गेट ने 35, नंदग्राम ने 60, कवि नगर ने 42 और मधुबन बापूधाम थाने ने 52 लोगों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 308 लोगों पर अभियान के तहत चाबुक चलाने का काम किया गया है।



**'यह अभियान पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है।'**



### लगातार जारी रहेगा अभियान : डीसीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यह पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहा है। इसमें अलग-अलग थानाक्षेत्रों में कार्रवाई की जा रही है ताकि लोग सड़कों पर शराब का सेवन न करें।

## ट्रेन और बसों में चोरी करने वाला गिरफ्तार, मिले 21 फोन व अन्य सामान

### - लोनी बॉर्डर पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लोनी बॉर्डर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जो दिल्ली-बिहार रूट पर ट्रेन और बसों में यात्रा के दौरान यात्रियों का सामान चुराता था। बिहार के समस्तीपुर निवासी कृष्ण मोहन राय नाम का यह आरोपी यात्रियों के कीमती सामान चुराकर उन्हें सस्ते दामों में बेच देता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, दो एयरफोन, बैग, मंगलसूत्र, पायल, सात चांदी की बिछिया, चांदी का चांद, पेन ड्राइव, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और दो वोटर आईडी कार्ड बरामद किए हैं। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, आरोपी अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करता था।

### कानुपर में भी दर्ज हैं चोरी के मुकदमे

**करंट क्राइम।** पुलिस की ओर से जानकारी मिली है कि आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी चोरी का सामान बेचने के लिए राहगीरों को अपनी झूठी मजबूरी बताकर कम कीमत में बेच देता था। कानपुर जीआरपी में पहले से ही आरोपी के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने भी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अन्य जगहों पर दर्ज मुकदमों की भी जानकारी जुटा रही है।

## देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## प्रयागराज के रामापुरा से काशी के लिए रवाना हुआ जूना अखाड़ा : श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज

### अखाड़े के साधु-संत अब 40 दिन काशी में प्रवास करेंगे, होली पर्व मनाने के बाद साधु-संत मठ-मंदिरों व आश्रमों के लिए रवाना होंगे



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के रमता पंच, शम्भू पंच, श्रीपंच के साधु-संत संरक्षक का नगर प्रवेश होगा जिसकी जानकारी जूना अखाड़े के संरक्षक, जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी महाराज के नेतृत्व में रविवार को काशी के लिए रवाना हो गए। रामापुर से सभी साधु-संत काशी के लिए रवाना हुए, जहां बडी संख्या में भक्त मौजूद रहे और साधु-संतों का आशीर्वाद लिया। साधु-संतों का काशी में 40 दिन का प्रवास होगा। 26 फरवरी को साधु-संत महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन व अभिषेक करेंगे और होली पर्व काशी में मनाने के बाद अपने मठ-मंदिरों व आश्रमों के लिए रवाना होंगे। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरी महाराज, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, मेला प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरी महाराज, श्रीमहंत केदारपुरी महाराज समेत हजारों साधु-संत हाथी-घोडा, ट्रैक्टर.ट्राली के साथ रामापुर से प्रातः 7 बजे काशी के लिए रवाना हुए। नागा साधु भाला, लाठी, तलवार, गदा, त्रिशुल, फरसा आदि शस्त्रों के साथ रवाना हुए। साधु-संत वाराणसी के जयेश्वर मठ बैजनत्था समृष्टि स्थल पहुंचेगा। श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, ने बताया कि रखोन्ना रिंग रोड से परमपुर अंडरपास, अकलेवा तिराहा, लोडना बाजार, चांदपुर चौराहा, पर कोल्ड स्टोरेज पर एकत्रित होकर जुलूस रथ यात्रा के रूप में महुआडीह तिराहा से महुआडीह चौराहा से मडमूरगंज रेजेवे पुल से आकाशवाणी तिराहा होते हुए रथयात्रा हनुमान मंदिर बैजनत्था मोड जयेश्वर मठ जूना अखाडा के मुख्य कार्यालय पहुचंगी। 12 फरवरी को बैजनत्था मठ जूना अखाड़ा से जुलूस बैजनाथ मोड होते हुए नीम माई तिराहा से कमच्छा होते हुए भेलूपुर चौराहा, वहाँ से सोनारपुरा तिराह, हरीशचंद तिराहा से होते हुए हनुमान घाट पहुचेगा। जुलूस शोभा यात्रा का रूट पुलिस कमिश्नर और डीएम ने श्रीमहंत हरि गिरि महाराज से मुलाकात के बाद तय किया।



## संपादकीय

# AAP का क्या होगा

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार के बीच आम आदमी पार्टी की पराजय का मुद्दा उत्पन्न हुआ है। केजरीवाल की पार्टी ने इस बार 43.57% वोट और 22 सीटें हासिल कीं, लेकिन इसके बावजूद उसके सामने पार्टी बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां BJP के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी AAP की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी AAP का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक I.N.D.I.A. पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

सबसे मुश्किल दौर वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57% वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है। साख पर सवाल आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा। क्या है जोखिम पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है। I.N.D.I.A. पर असर दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से AAP और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल AAP का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है।

# बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ हुआ बंद

## सेंसेक्स 500 अंक टूटा, निफ्टी 23400 से फिसला

**नई दिल्ली।** सोमवार को सेंसेक्स 548.39 अंकों की गिरावट के साथ 77,311.80 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 178.35 अंक फिसलकर 23,381.60 पर पहुंच गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सोमवार को सेंसेक्स 548.39 अंकों की गिरावट के साथ 77,311.80 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 178.35 अंक फिसलकर 23,381.60 पर पहुंच गया। उधर, बीएसई की सहायक कंपनी एशिया इंडेक्स ने सोमवार को अपने व्यापक बाजार परिवार के हिस्से के रूप में पांच नए सूचकांक पेश किए, जिससे बाजार सहभागियों को देश की अगली पीढ़ी की उभरती कंपनियों की विकास क्षमता का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

एशिया इंडेक्स ने एक बयान में कहा कि सूचकांक - बीएसई 1000, बीएसई नेक्स्ट 500, बीएसई 250 माइक्रोकैप, बीएसई नेक्स्ट 250 माइक्रोकैप और बीएसई 1000 मल्टीकैप समान आकार भारित (25 प्रतिशत)- को बड़ी पूंजी से लेकर माइक्रोकैप तक विविध प्रकार की कंपनियों के प्रदर्शन को दशार्ने के लिए डिजाइन किया गया है, जो भारत के गतिशील इक्विटी बाजार का व्यापक कवरेज प्रदान करता है। एशिया इंडेक्स के




एमडी और सीईओ आशुतोष सिंह ने इन सूचकांकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, बीएसई 1000 भारत के समग्र बाजार पूंजीकरण का 93 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए यह समग्र शेयर बाजार के लिए एक प्रासंगिक बेंचमार्क के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, यह सूचकांक भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के एक व्यापक बैरोमीटर के रूप में कार्य करने के लिए तैयार किया गया है, जो हमारे कॉर्पोर्रेट क्षेत्र की विविधता और गतिशीलता को दशार्ता है, तथा उन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो उद्योग जगत की अग्रणी कंपनियां और उभरती हुई कंपनियां हैं।

# बैंकों-एनबीएफसी ने सोने की नीलामी के नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई: वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भरोसा दिया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) एक जैसे नियमों से निर्देशित होते हैं। उन्होंने लोकसभा में बताया कि यदि कोई कर्जदार गोल्ड लोन का भुगतान करने में विफल रहता है तो एनबीएफसी और बैंकों की ओर से सोने की नीलामी के लिए बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं हैं। एनबीएफसी और बैंक इन प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। बैंक खाताधारकों को यह बताने के लिए पर्याप्त संख्या में नोटिस देने की एक प्रक्रिया है कि उनकी सेवा ठीक नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोई उधारकर्ता भुगतान करने के लिए वापस नहीं आता है, तो बैंक या एनबीएफसी नीलामी के लिए मजबूर हो जाएगा। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि नीलामी के लिए भी बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। उन्होंने कहा, यदि इन प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है, तो वास्तव में हमें कार्रवाई करनी है, लेकिन प्रक्रियाओं का पालन बैंकों की ओर से किया जाता है... मुझे लगता है कि यदि ऐसे विशिष्ट मामले हैं, जहां निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन किया गया है, तो मैं इसका ब्यौरा लेने और उस पर कार्रवाई करने के लिए तैयार हूं। मंत्री डीएमके नेता कनिमोझी करुणानिधि के सवालों का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई संस्था स्वर्ण ऋण की अदायगी में चूक करती है तो सोने की नीलामी की जाती है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में सोने की मांग कम नहीं हुई है, बल्कि इसके विपरीत इसमें बढ़ोतरी हो रही है।

उन्होंने कहा, भारत में, विशेष रूप से परिवारों, छोटे व्यवसायों के लिए, सोने में निवेश करना एक आम बात है। यह कहीं अधिक सुरक्षित और तरल है। एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में, हम देखते हैं कि परिवारों और छोटे व्यवसायों के साथ-साथ भारत की महिलाओं में भी इसमें निरंतर रुचि है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में यह भी स्पष्ट किया कि भारत के बढ़ते स्वर्ण भंडार, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास मौजूद भंडार भी शामिल हैं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य गाजियाबाद आए। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के पुत्र नागेश के सगाई समारोह में शामिल होने आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने स्वागत किया। उन्होंने नागेश को भी शुभ कामनाएं दी। इस पल को फेसबुक पर साझा किया। अजय शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# रेपो दर में कटौती के बाद ईएमआई घटाने की रणनीति

**नई दिल्ली।** होम लोन लेने वाले लोगों को रेपो दर में कटौती के बाद ईएमआई घटाने की रणनीति बनानी चाहिए। यह जानना भी जरूरी है कि फ्लोटिंग रेट पर कर्ज लेने वालों को नीतिगत दर में कटौती का ऑटोमेटिक लाभ मिलता है। रेपो दर मे करीब पांच साल में पहली बार कटौती के बाद होम लोन की मासिक किस्त (ईएमआई) चुका रहे लोग ब्याज दरें घटने की उम्मीद कर सकते हैं। फ्लोटिंग दर पर होम लोन लेने वालों को रेपो दर में कटौती का लाभ ऑटोमेटिक मिल जाता है, जबकि अन्य उधारकताओं को राहत पाने के लिए अपने कर्जदाता से बातचीत करनी पड़ सकती है।




आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान भी कर्ज की ब्याज दरें घटाएंगे, जिससे ईएमआई का बोझ कम हो सकता है। प्रमुख नीतिगत दर में कमी उन लोगों के लिए भी फायदेमंद होगी, जो नया घर खरीदना चाहते हैं। फिक्स्ड या फ्लोटिंग दर : 90 फीसदी से ज्यादा लोगों ने फ्लोटिंग दर पर होम लोन लिया है, जिस पर रेपो दर में बदलाव का सीधा असर पड़ता है। हालांकि, फिक्स्ड दर वाले कर्ज की ईएमआई पर इसका असर नहीं दिखेगा। अगर आपने भी फिक्स्ड दर पर होम लोन लिया है, तो बाजार की स्थितियों और बची कर्ज अवधि का मूल्यांकन कर फ्लोटिंग दर का विकल्प चुन सकते हैं। बैंक या एनबीएफसी से कर्ज बैंक से फ्लोटिंग दर पर कर्ज लिया है, तो रेपो रेट में कटौती का लाभ एक निश्चित अवधि से आपको मिलने लगता है। दूसरी ओर, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) इसका लाभ देने के लिए प्रोसेसिंग शुल्क ले सकती हैं।

# महिला बचत सम्मान योजना में 31 मार्च तक निवेश का अवसर...

**नई दिल्ली।** केंद्र ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला सम्मान बचत योजना की दो साल पहले शुरूआत की थी। यह इस साल 31 मार्च तक ही जारी रहेगी। उसके बाद बंद हो जाएगी। महिला सम्मान बचत योजना के तहत महिलाओं को गारंटीड ब्याज दर के साथ छोटी अवधि में पैसा जमा करने का मौका मिलता है। इसके लिए नजदीकी डाकघर में जाकर आवेदन किया जा सकता है। यह दो वर्षीय योजना है, जिसे 2023 के बजट में दो साल के लिए शुरू किया गया था। इस योजना पर सालाना 7.5 फीसदी का निश्चित ब्याज मिलता है जो अन्य बचत योजनाओं से अधिक है। इस योजना के तहत खाते में अधिकतम दो लाख रुपये तक ही जमा किया जा सकता है।



### चक्रवृद्धि दर से होती है ब्याज की गणना

महिला सम्मान बचत योजना के तहत दो लाख रुपये जमा करने पर पहले वर्ष के अंत में ब्याज सहित कुल रकम 2,15,000 रुपये हो जाती है। दूसरे वर्ष के अंत में यह रकम चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़कर 2,31,125 रुपये हो जाएगी। यह गारंटीड रिटर्न बचत को बढ़ाने के साथ जोखिम मुक्त निवेश के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करता है।

इसकी जमा राशि पर आंशिक निकासी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे जरूरत पड़ने पर पैसों का इस्तेमाल किया जा सकता है। 2,31,125 रुपये को फिर से अगले दो साल के लिए निवेश करती हैं, तो आपकी यह रकम लगभग 2,66,800 रुपये हो जाएगी। इस तरह, 4 साल में कुल मुनाफा 66,800 रुपये हो सकता है। आवेदन के लिए इन दस्तावेज की जरूरत योजना में महिला या बालिका के नाम पर खाता खोल सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** दिन अच्छा रहने वाला है। रुके हुए काम पूरे होंगे। आज आप किसी नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं, जिसका फायदा आपको भविष्य में जरुर मिलेगा।

**वृष:** खास काम या आकर्षक योजना सारा दिन घेरे रहेगी। सारा दिन इसके बारे में सोचने में ही निकल जाएगा। इसे पूरा करने में आप अपनी सारी मेहनत लगा देंगे।

**मिथुन:** उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें।

**कर्क:** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। व्यापार में थोड़ी सी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपके बच्चे आपके व्यापार में पूरा सपोर्ट करेंगे।

**सिंह:** आज आप क्रोध के अतिरेक से बचें। धैर्यशीलता में कमी आएगी। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएँ।

**कन्या:** परिवार वालों के साथ रुखा बर्ताव घर का माहौल तनावपूर्ण बना सकता है। दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए, जैसा दूसरों से चाहते हैं।

**तुला:** मन में नए नए विचार आ सकते है। जिससे कोई नयी क्रिएटिविटी कर सकते है। राजनैतिक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक:** आज दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। दफ्तर के कामकाज में ज्यादा व्यस्तता के चलते जीवनसाथी के साथ रिश्ता तनावपूर्ण हो सकता है।

**धनु:** खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। भूमि, रिअल-एस्टेट या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है।

**मकर:** दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से दोगुना धनलाभ हो सकता है।

**कुंभ:** कार्य संम्पन न होने की वजह से निराशा बनी रहेगी। वाहन से सावधान रहे चोट भी लग सकती है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा।

**मीन:** रुपये-पैसे के हालात और उससे जुड़ी समस्याएँ तनाव का कारण साबित हो सकती हैं। शाम का ज्यादातर समय मेहमानों के साथ गुजरेगा।

## चुटकुले

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80% आये हैं.
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40% लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40% आधारकार्ड लिंक होनेपर सीधे अकाउंट में आएंगे।
दे चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल

---

लड़का(फोन पर लड़की से) - तुम बहुत प्यारी हो...!
लड़की - थैंक्स...!
लड़का - तुम बिल्कुल राजकुमारी जैसी हो...!
लड़की - थैंक्यू सो मच...!
और बताओ क्या कर रहे हो...?
लड़का - खाली बैठा था, सोचा मजाक ही कर लूं...

---

बहू- मम्मी जी, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।
उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
सास - कह रही थी कि आपकी बहू बहुत भली औरत है।

## 11 02 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


अनुष्का मनचंदा (अभिनेत्री)


वेदिका गुप्ता



अंकुर गुप्ता


दिगम्बर सिंह


फारूख अली


हिमांशु


निमित कुमार


प्रदीप सिंह तेवतिया


संजय त्यागी


श्याम शर्मा


विजय


विकास सिंह


युवराज सिरोही


जाहिद रईस मलिक


अक्षय राजपूत


आदित्य


संजय बिष्ट


राजीव डोगरा


अजय कुमार गोयल


इनामउल्लाह खान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# कुलदीप या वरुण चैंपियंस ट्रॉफी में दोनो मे से एक को मिलेगा मौका, सुरेश रैना ने रखी राय

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पिछले कुछ समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया है। वरुण ने रविवार को कटक में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे मैच से इस प्रारूप में डेब्यू किया था। उन्हें कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह प्लेइंग-11 में जगह दी गई थी। ऐसी चर्चा है ।

भारत ने 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी, लेकिन इसमें वरुण शामिल नहीं है। भारत के पास टीम में बदलाव करने का समय अभी बचा है। कुलदीप इस टीम का हिस्सा हैं। वरुण ने अपने वनडे डेब्यू पर 53 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने फिल सॉल्ट का विकेट लिया था। वरुण ने अक्तूबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी वापसी के बाद काफी प्रभावित किया है जिस कारण वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम में जगह बनाने के दावेदार बने। वरुण पहले इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं थे और उन्हें अंतिम समय में टीम में शामिल किया गया था।



**वरुण को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है, लेकिन टीम के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना की राय में टीम प्रबंधन को वरुण के बजाय कुलदीप के साथ जाना चाहिए**

**वरुण की तुलना में रैना ने कुलदीप को बताया आदर्श विकल्प :** रैना का मानना है कि बड़े मैचों में कुलदीप का अनुभव उन्हें वरुण की तुलना में आदर्श उम्मीदवार बनाता है। रैना ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, वरुण टी20 में ज्यादातर गेंदबाजी कर रहे हैं, जबकि कुलदीप के पास विविधता और विकेट लेने की क्षमता है। सबसे मुख्य बात यह है कि कुलदीप बड़े टूनामेंट में प्रभावित करते हैं। मुझे अभी भी याद है उन्होंने किस तरह वनडे विश्व कप 2019 में बाबर आजम को बोल्ड किया था। उनके हाथों में अलग ही प्रतिभा है। कुलदीप के पास बड़े मैचों में खेलने का अच्छा अनुभव है। कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का भी हिस्सा हैं। कुलदीप नागपुर में खेले गए पहले मैच में खेले थे ।

# सेमीफाइनल में पहुंच सकती है रिजवान की टीम

## रवि शास्त्री ने पाकिस्तान की टीम को बताया खतरा

**दुबई ।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की टीम बाकी टीमों के लिए खतरा साबित हो सकती है। शास्त्री का मानना है कि भले ही ओपनर सैम अयूब स्क्वॉड में नहीं हैं, लेकिन पाकिस्तान की टीम में कई घातक तेज गेंदबाज हैं और वह घरेलू परिस्थितियों में खेलते हुए जबरदस्त प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। भारत के पूर्व कोच का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम सेमीफाइनल तक पहुंचेगी।

गत चैंपियन (2017) पाकिस्तान दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया पर लगातार तीन वनडे सीरीज जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रवेश करेगा। पाकिस्तान को ग्रुप-ए में भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। पाकिस्तान अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरूआत 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा और 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भिड़ेगा।



### शास्त्री ने की पाकिस्तान की टीम की तारीफ

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि पाकिस्तान एक ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपने प्रदर्शन के दम पर सुर्खियां बटोरी हैं। पाकिस्तान ने खासकर दक्षिण अफ्रीका में कुछ वाकई अच्छे प्रदर्शन किए थे।' शास्त्री का मानना है कि चोटिल सैम अयूब की गैरमौजूदगी में भी पाकिस्तान टीम की बल्लेबाजी में गहराई है।

'पाकिस्तान के पास बल्लेबाजी में पर्याप्त गहराई' शास्त्री ने कहा, 'पाकिस्तान की टीम को सैम अयूब की कमी खल सकती है क्योंकि वह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, लेकिन पाकिस्तान के पास बल्लेबाजी में पर्याप्त गहराई है। खासकर घरेलू परिस्थितियों में उनके पास अच्छे बल्लेबाज हैं। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करना चाहिए और सेमीफाइनल से यह किसी का भी खेल हो सकता है।

# बुमराह की वापसी पर अब तक नहीं मिली जानकारी

## जडेजा को इस तेज गेंदबाज के लौटने का भरोसा

**कटक ।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर चुप्पी साधे रखी, लेकिन उन्होंने भरोसा जताया कि यह तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में लौटने में सफल रहेगा। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान पीठ की समस्या से जूझ रहे थे। वह इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का भी हिस्सा नहीं हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट में लगी थी चोट

चोट के कारण बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मैच में पूरे समय नहीं रह पाए थे और उनका स्कैन किया गया था। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए वापसी नहीं कर पाए थे। बुमराह की चोट को लेकर अभी आधिकारिक रूप से अपडेट नहीं मिला है, लेकिन इस लेकर क्रिकेट प्रशंसकों और विशेषज्ञों के बीच चिंता लगातार बढ़ रही है।



कटक में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे में जीत के बाद जडेजा ने इस बात को स्वीकार किया कि बुमराह के रिहैब समय को लेकर कोई नई जानकारी नहीं मिली है। जडेजा ने कहा, मेरे पास बुमराह को लेकर कोई खबर नहीं है। अगर वह फिट होते हैं तो यह टीम और देश के लिए अच्छी खबर होगी।

### चोटों से परेशान रहे हैं बुमराह

करियर में काफी सफलताएं हासिल करने के बावजूद बुमराह चोट से काफी परेशान रहे है जिससे वह कई बार आईसीसी टूनामेंट में शामिल होने से चूक गए हैं। बुमराह चोट के कारण 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और 2021 तथा 2022 टी20 विश्व कप में नहीं खेल सके हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीत ली है, लेकिन अगर वह वापसी करते हैं तो इससे भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत होगा। बुमराह दबाव और डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हैं जो उन्हें टीम का अहम सदस्य बनाता है।

# कटक में फ्लडलाइट्स ने दिया धोखा तो बीसीसीआई की हुई किरकिरी

**नई दिल्ली ।** इंडिया और इंग्लैंड के बीच कटक में खेला गया दूसरा वनडे इंटरनेशनल उस समय प्रभावित हुआ, जब दूसरी पारी की शुरूआत में फ्लडलाइट्स का टावर बंद पड़ गया। इस तरह मैदान पर पर्याप्त रोशनी नहीं थी तो मैच रोकना पड़ा। एक गेंद बाद मैच शुरू हुआ तो फिर से फ्लडलाइट्स ने धोखा दे दिया। इसके बाद काफी देर मैच रुका रहा। ऐसे में दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड यानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई की किरकिरी हो गई। पाकिस्तान के फैंस भी बीसीसीआई की मजाक उड़ाने में आगे रहे और उन्होंने यहां तक कह दिया कि पीसीबी फ्लडलाइट्स डोनेट कर सकती है।



दरअसल, 8 फरवरी को पाकिस्तान वर्सेस न्यूजीलैंड मैच के दौरान फ्लडलाइट्स की वजह से कीवी टीम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र फील्डिंग करते समय एक कैच पकड़ते हुए बुरी तरह चोटिल हो गए थे। ऐसे में भारतीय फैंस ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी का मजाक उड़ाया था। अब पाकिस्तान के फैंस कटक मे फ्लडलाइट्स खराब होने पर बीसीसीआई पर हावी हो गए। हालांकि, रचिन का केस फिर भी हैरान करने वाला था, क्योंकि उनके माथे पर गेंद लगी थी और खून पानी की तरह बहा था। यहां किसी को चोट नहीं लगी, बल्कि तकनीकि खराब के कारण फ्लडलाइट्स बंद हो गई थीं।

# इंग्लैंड को बड़ा झटका, यह स्टार ऑलराउंडर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक ।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूनामेंट में इंग्लिश टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को कटक में खेले गए दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। इतना ही नहीं अब बेथेल के आईपीएल 2025 में हिस्सा लेने पर भी संशय बरकरार है। बेथेल को मेगा ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीदा था। अगर वह समय पर फिट नहीं हो पाते हैं तो आरसीबी को भी तगड़ा झटका लगेगा, क्योंकि बेथेल शानदार फॉर्म में चल रहे थे।

### बटलर ने बेथेल को लेकर क्या कहा?

बटलर ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।' चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। इंग्लैंड 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।

### बेथेल ने नागपुर में लगाया था अर्धशतक

बाएं हाथ के बल्लेबाज 21 वर्षीय बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह चोटिल होने के कारण दूसरे वनडे में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ने उनके कवर के रूप में टॉम बैटन को टीम में शामिल किया है। अगस्त 2020 में इंग्लैंड के लिए पिछली बार वनडे मैच खेलने वाले बैंटन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। वह अभी यूएई आईएलटी20 प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जहां उन्होंने 11 पारियों में 54.77 की औसत से 493 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं।



### बैंटन ने खेले हैं छह वनडे मुकाबले

26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज बैंटन ने छह वनडे मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 134 रन बनाए हैं। इस दौरान 58 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा। बैंटन सोमवार को टीम के साथ जुड़े। भारत तीन मैच की वनडे सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा वनडे 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# रोहित शर्मा के शतक ने फूकी टीम में जान, जडेजा ने बताया चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कप्तान के फॉर्म में लौट

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में रोहित शर्मा का शानदार शतक चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कप्तान और भारतीय टीम के लिए बहुत बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था। रविवार, 9 फरवरी को कटक के बाराबती स्टेडियम में रोहित के 32वें वनडे शतक के दम पर भारत ने चार विकेट से जीत दर्ज करके 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हिटमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में 205 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए 12 चौकों और 7 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 90 गेंदों पर 119 रनों की तूफानी पारी खेली। रोहित को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। जडेजा ने कहा कि भारतीय कप्तान के अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने में बस कुछ ही समय बाकी था। रवींद्र जडेजा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कभी-कभी, चीजों को बदलने के लिए बस एक या दो पारियां ही काफी होती हैं। अच्छी बात यह है ।



# विराट कोहली को लेकर बोल गए आकाश चोपड़ा, लगाए बैठे हैं 82 वाली उम्मीद

**नई दिल्ली ।** भारत ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में 4 विकेट से विजयी परचम फहराया। कटक में 305 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा (119), शुभमन गिल (60), श्रेयस अय्यर (41) से लेकर अक्षर पटेल (41) का बल्ला चला। पहले वनडे में घुटने में सूजन के कारण बाहर रहने वाले विराट कोहली ने वापसी की लेकिन सस्ते में पवेलियन लौटे। उन्होंने तीन नंबर पर उतरने के बाद 8 गेंदों में 5 रन बनाए, जिसमें एक चौका शामिल है।

फैंस को कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद थी लेकिन 20वें ओवर में स्पिनर आदिल रशीद का शिकार बन गए। उन्होंने विकेटकीपर फिल साल्ट को कैच थमाया। कोहली भले ही सस्ते में आउट हो गए लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने ऐसी बात कही है, जो फैंस का सीना चौड़ा कर देगी। उन्होंने साथ ही अहमदाबाद में 82वें इंटरनेशनल शतक की उम्मीद जताई। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला बुधवार को अहमदाबाद में आयोजित होगा। भारत सीरीज में 2-0 से आगे है।



आकाश ने सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "यशस्वी जायसवाल को ड्रॉप किया गया और कोहली प्लेइंग इलेवन में आए। कोहली आते हैं पर रन नहीं बनाते। कोहली एक बार फिर आउट हो जाते हैं। वह आदिल के खिलाफ आउट हुए। वह आदिल के सामने पहले भी आउट हुए हैं। वह बाहरी किनारा लगने के बाद पवेलियन लौटे। वह खुश नहीं थे। सारे बॉक्स टिक हो रहे हैं लेकिन एक बॉक्स अभी भी टिक नहीं हुआ है, वो है कोहली का फॉर्म। उन्होंने जितनी गेंद खेलीं, उतना ठीक लगे।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, "मैं, विश्लेषण नहीं करूंगा कि विराट ने बैकफुट पर एक शॉट अच्छा मारा था। विराट उससे कहीं ज्यादा बड़े हैं।

# 53 साल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

## ब्रीत्जके ने वनडे डेब्यू पर शतक जड़कर रचा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान में वनडे ट्राई सीरीज 2025 का दूसरा मुकाबला सोमवार को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 26 वर्षीय बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके को डेब्यू का मौका दिया। बतौर ओपनर उतरने के बाद ब्रीत्जके ने अपने पहले मैच में ही यादगार शतक ठोका और वर्ल्ड रिकॉर्ड रच डाला। उन्होंने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 148 गेंदों में 150 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। वह वनडे डेब्यू पर 150 रन की पारी खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। ब्रीत्जके के अलावा 53 साल के वनडे क्रिकेट के इतिहास में किसी ने यह कारनामा नहीं किया।

ब्रीत्जके ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेसमंड हेन्स का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। हेन्स ने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे डेब्यू पर 136 गेंदों में 148 रन की पारी खेली थी। उन्होंने 16 चौके और 2 छक्के मारे थे। वनडे डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने आयलैंड के विरुद्ध वनडे मैच में 127 गेंदों में 8 चौकों और 9 छक्कों के दम पर 127 रन बनाए थे। उनके बाद फेहरिसत में मार्क चैपमैन (124), कोलिन इनग्राम (124) और मार्टिन गुप्टिल (नाबाद 122) जैसे खिलाड़ियों का नाम है।



मैच की बात करें तो ब्रीत्जके के ऐतिहासिक पारी की बदौलत साउथ अफ्रीका ने निर्धारित 50 ओवर में 304/6 का स्कोर खड़ा किया। ब्रीत्जके ने कप्तान टेम्बा बावुमा (20) के साथ पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी की। उन्होंने जेसन स्मिथ (41) के संग 93 रनों की पार्टनरशिप की। ब्रीत्जके ने वियान मुल्डर (64) के साथ चौथे विकेट के लिए चौथे विकेट के लिए 131 रन जोड़े।

# चैंपियंस ट्रॉफी वर्ल्ड कप से ज्यादा कठिन

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब कुछ ही दिनों का समय रह गया है, इस बीच साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा ने एक बड़ा बयान दे दिया है। साउथ अफ्रीकी कप्तान ने इस आईसीसी टूनामेंट को वनडे वर्ल्ड कप से कठिन बताया है। उनका कहना है कि चैंपियंस ट्रॉफी में सिर्फ तीन ग्रुप स्टेज मैच होने की वजह से मुश्किल हो जाती है। हालांकि वनडे वर्ल्ड कप में चीजें अलग रहती है। अगर टूनामेंट राउंड रॉबिन के आधार पर खेला जाता है तो नॉकआउट से पहले 9 ग्रुप स्टेज मैच मिलती है जिससे टीम को रिग्रुप और परिस्थितियों में ढलने का मौका मिलता है।पाकिस्तान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टेंबा बावुमा ने कहा, ₹वर्ल्ड कप में टीमों के पास आकलन करने, फिर से रिग्रुप होने और मोमेंटम बनाने का समय होता है।



# रोहित की पारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों ने सबक सीखा होगा, दूसरे वनडे के बाद कप्तान बटलर का बयान

**कटक ।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय कप्तान की दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेली गई शतकीय पारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों ने काफी कुछ सीखा होगा। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में 119 रन बनाए जिससे भारत ने यह मैच चार विकेट से जीत कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

### हम सबके लिए अच्छा सबक'

बटलर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह हम सबके लिए शायद अच्छा सबक है कि जब रोहित जैसा खिलाड़ी दबाव में आ सकता है तो हमें खुद के प्रति थोड़ा अधिक सहज हो जाना चाहिए। रोहित महान खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और शीर्ष खिलाड़ी अमूमन अच्छा खेल दिखाते हैं और उन्होंने दूसरे वनडे में यही किया।'



**'दोनों टीम के खिलाड़ियों को सीख मिलती है'**: बटलर ने कहा, 'जब भी आप दिग्गज खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हो और वह इस तरह की पारी खेलते हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि इससे दोनों टीम के खिलाड़ियों को सीख मिलती है। उन्होंने शानदार पारी खेली और दिखाया कि दबाव में किस तरह से अच्छा खेल दिखाकर विरोधी टीम पर दबाव बनाया जाता है।'

### 'हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं'

इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, 'रोहित ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उस्से उन्होंने हमें सीख दी कि हम जिस तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं उसका सही तरीका यह है।' उन्होंने कहा कि भले ही उनकी टीम अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन इसके बावजूद उनके लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे।

**'बल्लेबाजी में अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं किया'** : बटलर ने कहा, 'इस मैच में हमारे लिए भी कुछ सकारात्मक पहलू रहे। हमने अच्छी शुरूआत की थी। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन लगता है कि हमने बल्लेबाजी में अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं किया। श्रेय रोहित को जाता है ।

उन्होंने वास्तव में बहुत अच्छी पारी खेली। उन्होंने वनडे में कुछ मानदंड स्थापित किए हैं और फिर से एक शानदार पारी खेली।

# एडीएम सिटी गंभीर सिंह को जन्मदिन पर मिली शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी ने एडीएम सिटी गंभीर सिंह को उनके जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन खुशहाल जीवन की कामना की।

# कंचन और दीपांशु के आशीर्वाद समारोह में पहुंचे गणमान्य



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कंचन गोयल का शुभ विवाह दीपांशु गोयल के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। विवाह के बाद वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कंचन गोयल के मायके पक्ष की तरफ से जितेंद्र गोयल, अर्चना गोयल,उपेन्द्र गोयल सारिका गोयल तथा दीपांशु गोयल परिवार की ओर से संजीव गोयल मंजू गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# धूमधाम से मनाया गया रुद्रांश का प्रथम जन्मदिन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता कुंजन पंडित के पुत्र रुद्रांश का प्रथम जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। वेवसिटी ड्रीम होम्स के क्लब हाउस में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर नन्हे बच्चे रुद्रांश को जन्मदिन पर आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किया।




## अगर विपक्ष होता लायक तो नही बनते पावर फूल वाले जन नायक

कमल वालो की नगरी में कमाल ये है कि सरकार भी कमल वालों की ओर मोर्चा भी कमल वाले खोल देते हैं। फैसला उनका विरोध उनका धरना उनका जूस उनका और गले में माला उनके और जिंदाबाद उनकी। ई रिक्शा का मामला हो तो शहर विधायक आ जाते हैं। पैठ बाजार का मामला हो तो क्रांतिकारी विधायक से लेकर चौधरी मैडम मोर्चा खोलते हैं। पुलिस के फैसले पर प्रशासन का हथौड़ा चलता है मगर जय जयकार फूल वालों की हो जाती है। जिस मुददे पर विपक्ष वालों की जय होनी चाहिये थी उस मुददे पर पक्ष वाले महफिल लूट कर ले जाते हैं। ऐसा नही है कि विपक्ष वाले आवाज नही उठाते हैं मगर एकजुट होकर नही उठाते हैं। साईकिल वाले पंडित जी को पुलिस जेल भेज देती है तो साईकिल वाले ही एकजुट होकर आवाज उठाते हैं मगर तब तक फूल वाली पार्षद और फूल वाले विधायक फुल क्रेडिट ले जाते हैं। अगर जनता की इस लड़ाई में हाथ वाले भी आते और हाथी वाले भी आते तो ये संदेश जाता कि अपोजीशन मैदान में आ गया। मगर यहां अपोजीशन के उदासीन रहने के पीछे का सीन मुकदमे का डर भी है। क्रांतिकारी विधायक नही डरे क्रांतिकारी मैडम पार्षद दिलेर निकली और उन्होने नाराजगी की परवाह किये बिना मोर्चा खोला। अब जब फैसला पक्ष में आया है तो यकीनन पैंठ बाजार वालों की नजर में ये दोनो जन नायक भी बनकर उभरे हैं। अगर विपक्ष लायक होता तो सरकार का विधायक सरकार की पार्षद कैसे जन नायक होते।

## सियासत में आता है लोचा इसलिये कमाडंर तुम मत बनना सकंट मोचा

अच्छी खासी पालिटिक्स चल रही थी और बिना हींग फिटकरी लगे ही रंग चोखा आ रहा था। मगर जिस टिकट को अमर अजर माना जा रहा था उसी में पालिटिकल धोखा हो गया। इसी बीच वो महामहिम हो गये और कमांडर भी विधानसभा के माननीय हो गये। सुना है कि मोतीनगर में भगवा कमांडर को खुराना जी ने सकंटमोचक बुलाया। किस्सा गाजियाबाद तक भी आया तो सर्मथकों ने कहा कि ऐसा है कि इन्हे कमांडर ही रहने दो। फ्लैशबैक में जाकर बताया कि कलेश का पैक ही ये बात रही थी। युद्व के वो जनरल हो सकते हैं मगर बचाव के सकंट मोचक तो मुल्क के बादशाह ही रहेगें। इस बात को बताने के लिये माननीय जी स्पेशली गाजियाबाद आये और रामलीला मैदान के मंच पर माईक से बता कर गये कि युद्व किनके कहने पर रूका और किनके आदेश पर बच्चे सेफ घर आये। बता दिया कि सकंटमोचक असली तो मुल्क के वजीरे आजम ही हैं। इसके बाद सकंटमोचक के टिकट पर ही सकंट आ गया और पालिटिक्स में मोच आ गई। इसलिये भगवा कमांडर के चाहने वालों ने कहा कि खुराना जी को इल्म नही है कि ऐसा कहना भी जुल्म हैं। इसलिये चुनाव खत्म सकंटमोचक का टाईटल भी वहीं रखो। खुराना जी को क्या पता कि यहां इन्ही बातो से खुराफात हो जाती है। उनकी सियासत में नही चाहिये कोई लोचा इसलिये भगवा कमांडर नो नीड टू बी अ सकंट मोचा।

## बोला वो माली ऐसा है कि फूल वालों के कहने से नही लगेगा एक पौधा

निगम वालों के यहां माली की ताकत तो ये है कि वो पहलवान मेंबर को गाली भी देगा और बैकफुट पर भी पहलवान को ही आना पड़ा। ताजा किस्सा भगवा वार्ड का है और पार्क के पौधो को लेकर मेंबर के एंगर को भी माली ने हैंगर पर टांग दिया। साफ कह दिया कि मेंबर के कहने से पेड़ छटने की बात तो दूर एक पौधा भी पार्क में नही लगेगा।




## रैकिंग में फेलियर थानों पर कैसे पास

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में रैकिंग को लेकर हर महीने रिपोर्ट कार्ड आता है। कभसी इसमें कोई टॉप पर रहता है तो कभी कोई नजर आता है। पर सवाल उठ रहा है कि हर महीने थानावार रैंकिंग रिपोर्ट आती है। रैंकिंग रिपोर्ट में कई तरीके के मापदंड रखे जाते हैं, पर सवाल हो रहा है कि जो लगातार रैंकिंग में फेलियर साबित हो रहे हैं, वह थाने पर कैसे पास हो रहे हैं। बीते दिनों लंबे समय से नदिया पार का एक थाना और सिटी का एक थाना रैंकिंग वाली रिपोर्ट में बॉटम तीन में बने हुए हैं। कभी वह बेहद खराब प्रदर्शन करते हैं। तो कभी उनकी वर्किंग पर सवाल उठाए जाते हैं, पर लगातार फेलियर लिस्ट में शामिल होने वाले थाना प्रभारी पर किसकी कृपा बनी हुई है, यह सवाल उठ रहा है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र स्थान और कार्यालय में चर्चा इस बात की हुई है कि जो रैंकिंग में फेल हैं, वह थाने के संचालन में पास किस वजह से हो रहे हैं। इसकी भी चर्चा होनी चाहिए, उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों लाइन वाली एक मीटिंग में भले ही एक थानाध्यक्ष को अल्टीमेट आइटम दिया गया हो लेकिन अभी तक वह अपनी पारी खेल रहे हैं। वहीं बीते दिनों आई चार थानों के बदलाव वाली लिस्ट में कहीं पर उनका जिक्र नहीं हुआ, तो जिस तरीके से देहात में सबसे लंबी पारी खेलने वाले एक थानाध्यक्ष को फिर कठिन माने जाने वाले जोन में भेजा गया है। इसकी भी चर्चा नहीं थम रही है, वहीं सिटी से सीधे देहात में जंप लगाने वाले थानाध्यक्ष ने अपने गुड वर्क से कई जवाब दिए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लाइन पार और नदिया पार के दो थानों पर कृपा वाला सीन क्यों चल रहा है ,इसकी चर्चा दोनों जोन में हो रही है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र कह रहे हैं कि जब वह बड़ा फाउल करने के बाद सबसे बड़े वाले थाने में तीन महीने काट गए थे, तो अब तो मामला इन हाउस वाला ही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में रैंकिंग रिपोर्ट को लेकर कभी थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों में टेंशन वाली स्थिति में आ जाते थे लेकिन जब रैंकिंग में फेल होने वालों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, तो वह अब कूल चल रहे हैं। कुल मिलाकर देखना यह होगा की रैंकिंग में फेलियर थाने वाले फील्ड में पास हो रहे हैं, तो उसके पीछे की वजह क्या है।




## पिता ने फोन चलाने से डाटा तो छात्रा ने की आत्महत्या



**हापुड (करंट क्राइम)।** हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के गिरधारी नगर में सोमवार कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा ने मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर पिता की डांट से परेशान होकर फांसी लगा ली। जैसे ही परिवार को इस घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत छात्रा को नजदीकी अस्पताल ले गए। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ जितेंद्र शर्मा के अनुसार, पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। यह घटना आज के समय में बच्चों की भावनात्मक संवेदनशीलता और परिवार में संवाद की कमी को दर्शार्ती है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# पीएम के अमेरिका से लौटने पर होगा दिल्ली सीएम का फैसला

## नए मुख्यमंत्री को चुनने के लिए पार्टी में कवायद हुई तेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। 26 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही भाजपा चाहती है कि नई सरकार के शपथ ग्रहण में पीएम भी मौजूद रहे हैं।

इस बीच, नए मुख्यमंत्री को चुनने के लिए पार्टी में कवायद भी तेज हो गई है। रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नड्डा और शाह की करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में सीएम पद के लिए चेहरा तय करने और सरकार के गठन पर बातचीत हुई।

अभी कुछ और बैठकें हो सकती हैं। शनिवार को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा मुख्यालय में शीर्ष पार्टी नेताओं की बैठक हुई थी। इसमें प्रधानमंत्री भी मौजूद रहे। सीएम पद के लिए केजरीवाल को शिकस्त देने

**दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। 26 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही भाजपा चाहती है कि नई सरकार के शपथ ग्रहण में पीएम भी मौजूद रहे हैं।**




**रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नड्डा और शाह की करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में सीएम पद के लिए चेहरा तय करने और सरकार के गठन पर बातचीत हुई। अभी कुछ और बैठकें हो सकती हैं।**

वाले प्रवेश वर्मा सहित कई नाम हैं।

इस पद पर चेहरा तय करते समय बिहार विधानसभा चुनाव सहित कई सियासी समीकरणों का ध्यान रखा जाएगा। इस पद की जिम्मेदारी किसी दलित चेहरे को भी दी जा सकती है।

वैसे पार्टी कोई चौंकाने वाला फैसला भी ले सकती है और किसी लो प्रोफाइल वाले नेता को भी सीएम बना सकती है, जैसा कि अन्य राज्यों में किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री पर निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

**शीशमहल में नहीं रहेगा नया मुख्यमंत्री :** विधानसभा चुनाव में चर्चा में रहा पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का सरकारी आवास चुनाव के बाद भी चर्चा के केंद्र में है। भाजपा ने तय किया है कि 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित यह इमारत नए मुख्यमंत्री का आवास नहीं रहेगा।

भाजपा ने 45 करोड़ रुपये खर्च कर बनाए गए इस आवास को शीशमहल का नाम दिया था। इसे अस्थायी तौर पर लोगों के दर्शन के लिए खाली भी रखा जा सकता है।

**नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने निकाली विजय रैली :** विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले नेता अपने-अपने क्षेत्र की जनता का धन्यवाद कर रहे है। जीत का जश्न मना कर अपने हाथों से लड्डू भी खिला रहे है। करावल नगर से जीत दर्ज करने वाले कपिल मिश्रा, आदर्श नगर विधानसभा से जीतने वाले राजकुमार भाटिया, जंगपुरा से जीतने वाले तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से जीत करने वाले सतीश उपाध्याय समेत कई विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में विजय रैली निकाल कर जनता का धन्यवाद किया।

प्रवेश वर्मा ने अपने क्षेत्र के निवासियों के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाया। उन्होंने जीत के बाद अपने क्षेत्र के लोगों को अपने हाथों से लड्डू खिलाए और सभी का आभार व्यक्त किया। रोहिणी विधानसभा से जीत दर्ज किए विजेंद्र गुप्ता ने जीत के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और भावी नीतियों पर चर्चा की।



# प्रयागराज में जाम से मचा त्राहिमाम

## संगमनगरी को जोड़ने वाले सभी जिलों में भी रेंग रहे वाहन

### कई घंटे रेंगने के बाद खत्म हो जा रहे वाहनों के ईंधन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में यातायात व्यवस्था ध्वस्त होने से हाहाकार मचा हुआ है। शहर के लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। वह बाहर निकलकर रोजमर्रा के जरूरी सामान भी नहीं खरीद पा रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ दूर जाने पर ही पुलिस की बैरिकेडिंग है। किसी भी दशा में पुलिस आगे बढ़ने नहीं दे रही है।





अल्लापुर, छोटा बघाड़ा, हासिमपुर रोड, चौक, जानसेनगंज से लेकर कटरा, चौक, सुलेमसराय, अलोपीबाग, दारागंज, रामबाग, बैरहना, सोहबतियाबाग, कीडगंज, मुट्ठीगंज, लाउदर रोड, एएन झा मार्ग, मेडिकल कॉलेज रोड आदि मुहल्लों में रहने वाले लोग परेशान हैं। घर से निकलते ही वाहनों की कतार लगी है और कई घंटे बाद भी गाड़ियां सौ मीटर आगे नहीं बढ़ पा रही है। वाहनों के हार्न और धुएं के चलते लोगों का घरों में रहने भी दूभर हो गया है।

**माघी पूर्णिमा स्नान के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का रैला**

माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। पुलिस ने एकल दिशा प्लान को लागू कर दिया है। कई सड़कों को बंद कर दिया गया है। सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहे से जानसेनगंज जाने वाले सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। इसी संगम प्लेस, पैलेस, लोहिया मार्ग, जीएचस रोड, पत्रिका मार्ग सहित सभी सड़कों पर आवागमन बंद करके सिविल लाइंस मुख्य मार्ग पर ही आवागमन की व्यवस्था की गई है। मेले से सीधे स्टेशन और रोडवेज स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग की ही खुले हैं। शार्टकट से जाने वाले लिंक मार्गों को बंद कर दिया गया है।

सुबह से ही नैनी में रीवा रोड पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। यह दशा कल से ही है। इसी तरह वाराणसी रोड पर अंदावा से लेकर सैदाबाद और हंडिया तक भारी जाम लगा हुआ है। जनपद की सीमा भदोही में गोपीगंज के लालानगर टोल पर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। इसी तरह फाफामऊ, प्रतापगढ़ रोड पर सोरांव, लखनऊ रोड पर नवाबगंज और कौशाम्बी जाने वाले मार्ग पर पुरामुफ्ती के बाद से ही जाम लगा हुआ है। अंदावा में वाहनों को नागेश्वर पार्किंग में खड़ा कराया जा रहा है। इसी तरह सहसों और बदरा सोनौटी पार्किंग पूरी तरह से भर गया है।

जाम में फंसकर कई घंटे रेंगने के बाद वाहनों के ईंधन खत्म हो जा रहे हैं। इससे जाम की स्थिति और भी विकट हो जा रही है। वाहन चालक गैलन और डिब्बा लेकर पेट्रोल टंकी के चक्कर काट रहे हैं।

# स्टेशन बंद, गाड़ियों की एंट्री पर पाबंदी, रास्ते से लौटाए जा रहे लोग

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लोग ट्रेन में टिकट नहीं मिलने के चलते पर्सनल वाहन से भी आ रहे हैं। जिसकी वजह से शहर में रात में भी जाम लग रहा है। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे श्रद्धालुओं के वाहनों से पूरा शहर जाम हो गया है। भीड़ के चलते घंटों जाम में लोग फंसे हुए हैं। ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ के चलते लोग घंटों जाम में फंस जा रहे हैं। जिसके चलते उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम में सबसे ज्यादा बुजुर्गों और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आलम यह है कि अगर लोग जाम में फंस जा रहे हैं तो कार और ड्राइवर छोड़कर पैदल ही निकल जा रहे हैं। संगम में आस्था की पुण्य डुबकी लगाने के लिए मेला क्षेत्र में यात्रियों की भारी भीड़ एकत्रित हो रही है। ये तस्वीर संगम क्षेत्र की है। आप इस तस्वीर में यात्रियों की भीड़ देख सकते हैं। प्रयागराज जंक्शन पर हर दिन बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। जिसके चलते स्टेशन से बाहर आने वाली सड़कों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। इस तस्वीर में स्टेशन से बाहर निकलने वाले यात्रियों को पुलिस अधिकारी रास्ता बता रहे हैं। ये तस्वीर भी प्रयागराज जंक्शन के मुख्य मार्ग की है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक पुलिस अधिकारी द्वारा यात्रियों को आराम से आगे बढ़ने की बात कही जा रही है। अधिकारी द्वारा ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि भीड़ एक जगह पर एकत्रित न होने पाए और भगदड़ जैसी स्थिति न उत्पन्न होने पाए। स्टेशन से आने वाले यात्रियों के चलते पूरा शहर जाम हो गया है। ये तस्वीर प्रयागराज जंक्शन रोड की है।

भीड़ को देखते हुए प्रयागराज स्टेशन से ऑटो और ई-रिक्शा को बंद कर दिया गया है। ऐसे में स्टेशन उतरने वाले लोग पैदल ही संगम की तरफ चल दे रहे हैं।





**प्रयागराज शहर में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लोग ट्रेन में टिकट नहीं मिलने के चलते पर्सनल वाहन से भी आ रहे हैं। जिसकी वजह से शहर में रात में भी जाम लग रहा है। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे श्रद्धालुओं के वाहनों से पूरा शहर जाम हो गया है। भीड़ के चलते घंटों जाम में लोग फंसे हुए हैं। ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

# विधानसभा कूच कर रहीं आशा वर्करों को पुलिस ने रोका नोकझोंक के बाद उप मुख्यमंत्री से मिलने भेजा

**लखनऊ।** बकाया मानदेय का भुगतान और मानदेय बढ़ाने की मांग के लिए विधानसभा कूच कर रहीं आशा वर्करों को पुलिस ने आरक्षण केन्द्र के पास रोक लिया। कुछ देर चली नोकझोंक के बाद प्रशासन ने आशा वर्करों के प्रतिनिधिमंडल को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात के लिए भेजा गया।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन के बैनर तले प्रदेश भर की आशा वर्कर चारबाग स्टेशन के बाहर एकत्र हुए थी। यहां काफी देर तक नारेबाजी करने के बाद आशा कर्मचारियों ने विधानभवन का घेराव करने के लिये कूच कर दिया। पहले से मौजूद पुलिस ने उन्हें आरक्षण केंद्र के पास रोक लिया।

पुलिस ने मांगों के संबंध में 11 लोगों के प्रतिनिधिमंडल को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मुलाकात के लिए भेजा। यूनियन की जिला सचिव मीरा प्रजापति ने कहा कि फरवरी 2024 को शासन से वार्ता में 2019 दिसंबर से 2021 तक आशा संगिनी को 750 रुपए कोविड के योगदान में प्रोत्साहन के रूप में देने की बात कही गई थी।

इसके अलावा 1000 प्रतिमा 24 महीने के भुगतान का भी वादा किया गया था जिसे पूरा नहीं किया गया। खरगापुर से आई सीमा देवी ने बताया कि विगत 6 सालों से आशा के रूप में सेवाएं दे रही हैं। आशा वर्कर की स्थिति बेहद खराब है। बच्चों की टीकाकरण से लेकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी तक हर एक काम हम लोग कर रहे हैं मगर कोई निर्धारित वेतन नहीं मिल रहा है।



**बकाया मानदेय का भुगतान और मानदेय बढ़ाने की मांग के लिए विधानसभा कूच कर रहीं आशा वर्करों को पुलिस ने आरक्षण केन्द्र के पास रोक लिया।**



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से महानगर युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने भेंटकर दिल्ली प्रदेश में भाजपा की प्रचण्ड विजय की शुभकामनाएं एवं बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# यूपी : सड़क हादसों में दम तोड़ने वालों में 56% मौत की वजह रफ्तार, मोबाइल और नशा

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़क हादसों में दम तोड़ने वालों में 56 फीसदी की मौत की वजह रफ्तार और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना है। नशे से आठ और गलत दिशा में गाड़ी चलाने से 12 फीसदी लोगों की जान गई है। दम तोड़ने वालों में 42 फीसदी सिर्फ 20 जिलों के हैं। इनमें अवध क्षेत्र के लखनऊ, सीतापुर और बाराबंकी जिले भी हैं। यह खुलासा परिवहन विभाग की रिपोर्ट में हुआ है। अब परिवहन विभाग इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की मदद लेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में सड़क हादसों में कुल 24118 लोगों की मौत हुई। इसमें 10092 लोगों (42 फीसदी) की मौतें सिर्फ 20 जिलों में हुईं। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने नई रणनीति बनाई है। इसके तहत विभाग अपने स्तर पर वाहनों की फिटनेस जांच और ओवरलोडिंग रोकने के लिए



अभियान चलाएगा। ऐसे ही यातायात पुलिस को सक्रिय करने, एक्सप्रेसवे और एनएच पर पेट्रोलिंग बढ़ाने, स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने और एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम कम किया जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग ने संबंधित विभागों को पत्र भेजा है। विभाग ने संयुक्त रणनीति के जरिये वर्ष 2025 में 20 से 30 फीसदी सड़क हादसे कम कर मृत्युदर घटाने का लक्ष्य रखा है।

परिवहन विभाग की ओर से चिह्नित सर्वाधिक हादसे वाले 20 जिलों में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में मृत्युदर आगरा में 17.4 फीसदी बढ़ी है। हरदोई में 6.7 फीसदी, मथुरा में 6.9 फीसदी, लखनऊ में 1.4 फीसदी, सीतापुर में 7.3 फीसदी, उन्नाव में 11.2 फीसदी, बदायूं में 12.5 फीसदी बढ़ी। मृत्युदर घटाने में कानपुर नगर अव्वल रहा। यहां 12.2 फीसदी की गिरावट हुई है। गोरखपुर में 11.9 फीसदी, बरेली में सात फीसदी, बुलंदशहर में 5.9 फीसदी, प्रयागराज में 6 फीसदी हादसे कम हुए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगरा में अन्य पड़ोसी राज्यों का दवाब होने से भी हादसे बढ़े हैं। इसलिए मृत्युदर अधिक है। कानपुर नगर में मेट्रो की शुरूआत, जीटी रोड के चौड़ीकरण और पुलिस व परिवहन विभाग की चौकसी से मृत्युदर घटी है।

रफ्तार से मरने वालों की संख्या नौ फीसदी बढ़कर 40 से 49 फीसदी हो गई है। गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने से सात फीसदी की मौत हुई है। ऐसे ही गलत दिशा में गाड़ी चलाने से 12 फीसदी, रेड लाइट तोड़ने की वजह से एक फीसदी की मौत हुई है। 23 फीसदी की मौत की वजह अलग-अलग है।

प्रदेश में सड़क हादसे कम करने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। दुर्घटना बहुल 20 जिलों पर विशेष फोकस है। एक्सप्रेसवे व अन्य मार्गों पर गश्त बढ़ाई गई है।

# संत रविदास की जयंती पर 500 एनआरआई 2000 संतों संग काशी आएंगे निरंजन दास

### कैंट रेलवे स्टेशन पर होगा स्वागत

**वाराणसी।** संत निरंजन दास के साथ 500 से ज्यादा एनआरआई सहित 2000 साधु-संत और अनुयायी आएंगे। इसको लेकर वहां तैयारी भी तेज हो गई। वह संगत के साथ मंदिर में पूजन अर्चन करेंगे। संत रविदास जयंती 12 फरवरी को है।

संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर सज-धज कर तैयार हो चुका है। संत निरंजन दास सोमवार को दोपहर में यहां पहुंचे। उनका कैंट स्टेशन पर पुष्पवर्षा कर और गाजेबाजे के साथ स्वागत होगा। वह रविदास मंदिर पहुंचकर संत रविदास का पूजन-अर्चन करेंगे। संत निरंजन दास का देश-विदेश से आए अनुयायी चरण वंदन करेंगे।

वह ट्रस्ट के पदाधिकारियों व ट्रस्टियों के साथ बैठक कर सभा पंडाल से लेकर ठहरने तक के पंडालों, लंगर आदि की तैयारी का जायजा लेंगे। निरीक्षण भी करेंगे। शाम को अनुयायियों के साथ रविदास पार्क में दीपदान भी करेंगे। इसके साथ ही सत्संग करेंगे। वहीं, विभिन्न प्रांतों से अनुयायियों के आने और मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ हो रही है।

संत रविदास मंदिर के पास संत के सपनों का गांव सज गया है। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि अभी एनआरआई अनुयायी और पहुंचेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था कर ली गई है। बताया कि अमेरिका, लंदन, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कनाडा, फ्रांस, थाईलैंड से भी अनुयायी पहुंचे हैं। इन्हीं देशों से और अनुयायी सोमवार को पहुंच जाएंगे। 12 फरवरी को लाखों की तादात में अनुयायी मत्था टेकेंगे। पलट प्रवाह में अब महाकुंभ से अखाड़े भी काशी पहुंचने लगे हैं। पिछले दो दिनों में पंच दशनाम आह्वान अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा, अटल अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा और जूना अखाड़ा के 2000 से अधिक नागा साधु और संन्यासी काशी पहुंचे। सभी का स्वागत किया गया। घाटों पर सभी ने तंबू लगा लिए हैं। अगले एक सप्ताह में यह संख्या दस हजार के पार पहुंच जाएंगे। संत रविदास की जयंती के मद्देनजर सीरगोवर्धनपुर स्थित मेला क्षेत्र में रविवार को अस्थायी पुलिस चौकी खोल दी गई। साथ ही एक इंस्पेक्टर, दो पुरुष व दो महिला दरोगा, आठ सिपाही तैनात कर दिए गए। संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 200 से ज्यादा सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। बम निरोधक दस्ता भी तैनात रहेगा।




**12 फरवरी को है संत रविदास जयंती**

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर के सुपुत्र नागेश गुर्जर की सगाई में पहुंचे भाजपा नेता एवं शहर के गणमान्य











गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के सुपुत्र नागेश गुर्जर की सगाई में पहुंचे भाजपा नेता एवं शहर के गणमान्य। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया , प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश प्रदेश महामंत्री एवं विधायक पंकज सिंह, सांसद अतुल गर्ग शहर विधायक संजीव शर्मा योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी और क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोगा कुरुक्षेत्र कोषाध्यक्ष पवन गोयल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी महामंत्री पप्पू पहलवान, राहुल शर्मा हिमांशु शर्मा।

# ट्रंप ने फिर दोहराया गाजा पर कब्जे का वादा

## इस्राइल-हमास में युद्धविराम नवीनीकरण का बढ़ रहा दवाब

**गाजा सिटी ।** क्योंकि वहां से जो भी बंधक रिहा हो रहे हैं उनकी हालत काफी चिंताजनक है। इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिज्ञा दोहराई कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर नियंत्रण कर लेगा।

### गाजा गलियारे वापस हो रही इस्राइली सेना

इस्राइल-हमास के बीच दूसरे चरण की वार्ता, जिसका उद्देश्य अधिक बंधकों को रिहा करना और गाजा से इस्राइल की पूरी तरह वापसी करना था, 3 फरवरी से शुरू होनी थी। लेकिन इस्राइल और हमास ने बहुत कम प्रगति की है, जबकि इस्राइली सेना ने संघर्ष विराम के लिए नए प्रतिबद्धता के तहत रविवार को गाजा गलियारे से वापसी की है। पीएम नेतन्याहू ने कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा, जो एक



प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इसमें निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे कोई सफलता नहीं मिलेगी। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के मंगलवार को सुरक्षा कैबिनेट मंत्रियों को बुलाने की उम्मीद है।

वहीं रविवार को बोलते हुए ट्रंप ने गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। उन्होंने सुपर बाउल की यात्रा के दौरान एयरफोर्स वन में सवार पत्रकारों से कहा, 'मैं गाजा को खरीदने और उस पर स्वामित्व रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। जहां तक इसे फिर से बनाने की बात है, हम इसे मध्य पूर्व के अन्य राज्यों को इसके

**इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा में नाजुक संघर्ष विराम को पहले चरण से आगे बढ़ाने का दबाव काफी बढ़ गया है**

कुछ हिस्सों के निर्माण के लिए दे सकते हैं। अन्य लोग इसे हमारे तत्वावधान में कर सकते हैं। लेकिन हम इसे अपने अधिकार में लेने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमास वापस न जाए। वापस जाने के लिए कुछ भी नहीं है। यह जगह एक विध्वंस स्थल है। बाकी को ध्वस्त कर दिया जाएगा'।

**फलस्तीनियों को लेकर क्या है ट्रंप की योजना :** राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अरब राष्ट्र उनके साथ बातचीत के बाद फलस्तीनियों को लेने के लिए सहमत होंगे और उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर उनके पास विकल्प हो तो फलस्तीनी गाजा छोड़ देंगे। 'वे गाजा वापस नहीं जाना चाहते, अगर हम उन्हें सुरक्षित क्षेत्र में घर दे सकें। वे गाजा लौटने की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं है। जब उनके पास कोई विकल्प होता है, तो वे गाजा वापस नहीं लौटना चाहते।' ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि इस हफ्ते रिहा किए गए बंधकों की स्थिति को देखने के बाद वे इस समझौते को लेकर धैर्य खो रहे हैं। ट्रंप ने कहा, 'मैंने आज बंधकों को वापस आते देखा और वे होलोकॉस्ट के बचे हुए लोगों की तरह दिख रहे थे।

# दक्षिण-पूर्वी लीबिया में रेगिस्तान में मिलीं दो सामूहिक कब्रें, अधिकारियों ने 49 शव बरामद किए

**काहिरा ।** दक्षिण-पूर्वी लीबिया में अधिकारियों ने रेगिस्तान में दो सामूहिक कब्रों से करीब 49 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये शव उन प्रवासियों के हैं जो उत्तरी अफ्रीकी देश के रास्ते यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

सुरक्षा निदेशालय के बयान के अनुसार, पहली सामूहिक कब्र शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी शहर कुफरा के एक खेत में मिली, जिसमें 19 शव थे। अधिकारियों ने इन शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने अपने फेसबुक पेज पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें पुलिस अधिकारी और चिकित्सक रेत में खुदाई करते और कंबल में लिपटे शवों को बरामद करते दिखाई दे रहे हैं।

पूर्वी और दक्षिणी लीबिया में प्रवासियों की मदद करने वाली अल-अबरीन चैरिटी ने बताया कि कुछ प्रवासियों को दफनाने से पहले गोली



मारकर हत्या की गई थी।

**जिंदा बचे लोगों ने बताया- 70 लोगों को दफनाया गया था :** कुफरा में सुरक्षा कक्ष के प्रमुख मोहम्मद अल-फदील के अनुसार, मानव तस्करी केंद्र पर छापे के बाद एक और सामूहिक कब्र मिली, जिसमें 30 शव थे। उन्होंने बताया कि जीवित बचे लोगों ने बताया कि लगभग 70 लोगों को वहां दफनाया गया था। अधिकारी अभी भी इलाके की तलाशी ले रहे हैं।

### अधिकारियों ने 76 प्रवासियों को मुक्त कराया

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने तस्करी केंद्र से 76 प्रवासियों को मुक्त कराया और प्रवासियों को हिरासत में रखने और उन्हें प्रताड़ित करने के संदेह में तीन लोगों को गिरफ्तार किया, इनमें एक लीबियाई और दो विदेशी हैं।

# रोक सको तो रोक लो, भारतीय मूल के सीईओ ने एलन मस्क को दी चुनौती

**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने दिग्गज अरबपति कारोबारी और अमेरिकी सरकार में सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे एलन मस्क को चुनौती दी है। अरविंद श्रीनिवास ने अमेरिकी सरकार के यूएसएआईडी फंडिंग रोकने के मुद्दे पर मस्क को चुनौती देते हुए कहा कि अगर मस्क उन्हें रोक सकते हैं तो रोककर दिखाएं।

पर्पलेक्सिटी एआई के सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'वरअक्ळ से 500 अरब डॉलर उगाहने पर विचार कर रहे हैं। फंडिंग सुरक्षित है। एलन मस्क आप मुझे रोक सकते हैं तो रोककर दिखाएं।' हालांकि





माना जा रहा है कि अरविंद श्रीनिवास ने मजाक ने यह पोस्ट की है। हालांकि इसने उन्हें चर्चा में ला दिया है।

अरविंद श्रीनिवास पर्पलेक्सिटी एआई के सीईओ और सह-संस्थापक हैं। एआई आधारित सर्ज इंजन पर्पलेक्सिटी में जेफ बेजोस जैसे अरबपति ने निवेश किया है। साल 2022 में अरविंद श्रीनिवास ने एंडी कोनविंस्की और डेनिस यारातास और जो हो के साथ मिलकर पर्पलेक्सिटी एआई की स्थापना की।

अरविंद श्रीनिवास आईआईटी मद्रास से पढ़ाई कर चुके हैं और उन्होंने कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से पीएचडी की थी। श्रीनिवास ने अपने करियर की शुरूआत एआई स्टार्टअप ओपनएआई से की थी। बाद में श्रीनिवास ने गूगल और डीपमाइंड जैसी कंपनियों में भी काम किया।

### यूएसएआईडी होने वाली फंडिंग पर लगी है रोक

श्रीनिवास की इस पोस्ट की चर्चा इस बात के लिए भी हो रही है कि अमेरिका की ट्रंप सरकार ने यूएसएआईडी के जरिए होने वाली फंडिंग पर पूरी दुनिया में रोक लगा दी है।

# अंतरिम सरकार की दो टूक- उपद्रवियों पर नरमी नहीं, अब तक 1300 से अधिक गिरफ्तारी

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश में उपद्रव के कारण अंतरिम सरकार आलोचकों के निशाने पर है। ताजा घटनाक्रम में देश की अंतरिम सरकार ने दो टूक संदेश दिया है। सख्त कार्रवाई का संकल्प लेते हुए सरकार ने कहा है कि उपद्रवियों पर नरमी नहीं बरती जाएगी। उपद्रवियों और अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए 'ऑपरेशन डेविल हंट' चला रहे बांग्लादेशी सुरक्षाबलों ने अब तक 1308 लोगों को गिरफ्तार किया है।



अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि प्रशासन ने 'सभी शैतानी तत्वों' को उखाड़ फेंकने तक कार्रवाई जारी रखने की कसम खाई है।

**24 घंटे के भीतर 200 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी :** बांग्लादेश के अधिकांश मीडिया आउटलेट्स में आई खबरों के मुताबिक सेना, पुलिस और उनकी विशेष इकाइयों के संयुक्त बलों ने अभियान शुरू होने के 24 घंटे के भीतर ढाका समेत देश के अलग-अलग हिस्सों से 274 लोगों को गिरफ्तार किया।

**उपद्रवियों से पूरी सख्ती से निपटने का संकल्प :** गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने बताया कि जो देश को अस्थिर करने की साजिश बना रहे हैं, उनके खिलाफ पूरी सख्ती से निपटा जाएगा। अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी शैतानों को जड़ से उखाड़ कर नहीं फेंक दिया जाता। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन उन लोगों के खिलाफ है।

जो देश को अस्थिर करने, कानून तोड़ने, आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने और आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने की साजिश कर रहे हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के 81 कार्यकताओं को ढाका के बाहरी इलाके गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। यहीं से हिंसक झड़प शुरू हुई थी, जिसके बाद ऑपरेशन डेविल हंट शुरू किया गया।

# पोलिश जंगल में मिला दुर्लभ काले भेड़ियों का जोड़ा

**वारसॉ ।** वन्यजीव शोधकताओं ने पोलिश जंगल में दो दुर्लभ काले भेड़ियों को कैमरे में कैद किया है। उन्होंने रविवार को बताया कि काले भेड़ियों का ये जोड़ा संभवतः भाई-बहन का हो सकता है। संरक्षण संगठन ने काले-फर उत्परिवर्तन के बारे में अधिक जानने के लिए स्कैट के आनुवंशिक परीक्षण के लिए वित्तीय सहायता मांगी है।

रअशए वन्यजीव संरक्षण कोष पोलैंड परियोजना समन्वयक जोआना टोक्जिडलोव्स्का ने कहा कि पिछले साल स्थापित एक वीडियो कैमरे में यह असामान्य दृश्य कैद हुआ। इस असामान्य दृश्य ने संगठन को काले भेड़ियों के आनुवंशिकी के बारे में अधिक जानने के लिए जंगल में मल इकट्ठा करने के लिए प्रेरित किया।

**शुरू में बीवर का अध्ययन करने के लिए रखा था कैमरा :** एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, टोक्जिडलोव्स्का ने



कहा, 'यह कुछ नया और असामान्य है।' उन्होंने कैमरा शुरू में बीवर का अध्ययन करने के लिए रखा था, लेकिन जब उन्हें भेड़ियों की फुटेज मिली, तो उन्होंने कैमरा वहीं छोड़ दिया।

एक वीडियो क्लिप में, एक काला भेड़िया और एक ग्रे भेड़िया जंगल में धीरे-धीरे एक धारा को पार करते हैं, जबकि पिछले पतझड़ में ली गई दूसरी क्लिप में दो काले भेड़िये और एक ग्रे भेड़िया उसी धारा में आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। पोलैंड में करीब 25,000 से 30,000 भेड़ियों में से अधिकांश ग्रे रंग के हैं। काला फर एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन से आता है।

# ट्रंप की योजना पर अमेरिकी कोर्ट ने फेरा पानी

## वेनेजुएला के प्रवासियों को ग्वांतानामो भेजने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी संघीय अदालत ने रविवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की तरफ से तीन वेनेजुएला के प्रवासियों को क्यूबा के ग्वांतानामो बे नौसैनिक अड्डे पर भेजने की योजना पर रोक लगा दी है। जानकारी के मुताबिक, ये तीनों प्रवासी न्यू मैक्सिको में अमेरिकी हिरासत में थे। अमेरिकी संघीय अदालत का यह फैसला तब आया जब इन प्रवासियों के वकीलों ने अदालत में याचिका दायर कर कहा कि सरकार बिना किसी ठोस आधार के इन्हें ग्वांतानामो भेजना चाहती है। अमेरिकी सरकार ने तीनों पर वेनेजुएला के कुख्यात 'ट्रेन दे अरागुआ' गैंग से जुड़े होने का आरोप लगाया था।

### विरोध के बावजूद प्रवासियों की याचिका स्वीकार

इस मामले में न्यायाधीश केनेथ



जे. गोंजालेज ने सरकार के विरोध के बावजूद प्रवासियों की याचिका को स्वीकार किया और उनके ग्वांतानामो स्थानांतरण पर अस्थायी रोक लगा दी। मामले में प्रवासियों के वकील जेसिका वॉसबर्ग ने बताया कि यह एक अस्थायी फैसला है और आने वाले हफ्तों में इस पर फिर से सुनवाई होगी।

### प्रवासी अधिकार संगठनों की आपत्ति

इस मामले में सेंटर फॉर कॉन्स्टिट्यूशनल राइट्स, अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ऑफ न्यू मैक्सिको और लास अमेरिका इमिग्रेंट एडवाइजरी सेंटर ने संयुक्त रूप से मुकदमा दायर किया था। इधर, अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने पिछले हफ्ते पुष्टि की थी कि कुछ प्रवासियों को ग्वांतानामो भेजा गया है। प्रवासी अधिकार संगठनों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई है और सरकार से ग्वांतानामो भेजे गए लोगों तक कानूनी पहुंच की मांग की है।

**20 जनवरी के बाद से आठ हजार से ज्यादा प्रवासी गिरफ्तार :** वहीं व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से अब तक 8,000 से अधिक प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में रह रहे करीब1.17 करोड़ अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने की घोषणा की है।

# आईएमएफ की तकनीकी टीम का पाकिस्तान दौरा, छह महत्वपूर्ण संस्थानों के कामकाज की करेगी समीक्षा

**नईदिल्ली।** जिसका मकसद भ्रष्टाचार और शासन से जुड़ी समस्याओं को हल करना है। संघीय शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### पाकिस्तान में आईएमएफ की तकनीकी टीम

देश के वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि आईएमएफ की एक तकनीकी टीम एक सप्ताह के लिए पाकिस्तान आई है, ताकि वह शासन से जुड़े छह प्रमुख क्षेत्रों और मूल्यांकन' (जीसीडीए) रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान की शासन व्यवस्था और भ्रष्टाचार से जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण किया जाएगा और भविष्य में सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों की पहचान की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, यह मिशन पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट के शीर्ष अधिकारियों, वित्त, राजस्व और चुनाव आयोग के प्रमुख के साथ भी बातचीत करेगा, ताकि इन






**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान के न्यायिक और नियामक तंत्र की समीक्षा कर रहा है यह कदम पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम का हिस्सा है**

संस्थाओं की जांच कर सके। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने अक्तूबर 2023 में आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था, जिसमें उसने भ्रष्टाचार से निपटने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों व निवेश के लिए एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने का वादा किया था।

### जुलाई 2025 तक प्रकाशित की जाएगी जीडीसीए रिपोर्ट

मंत्रालय ने बताया कि इसके लिए एक पैमाना बनाया गया है, जिसके तहत जुलाई 2025 तक 'शासन एवं भ्रष्टाचार निदान संस्थाओं की कामकाजी प्रक्रियाओं की समीक्षा की जा सके।

**छह महत्वपूर्ण संस्थानों की कामकाजी प्रक्रिया की होगी समीक्षा :** मिशन पाकिस्तान के छह महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों के कामों की समीक्षा करेगा, जिनमें वित्तीय व्यवस्था, केंद्रीय बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय क्षेत्र की निगरानी, बाजार नियमन, कानून का शासन, धनशोधन और आतंकवाद-रोधी वित्तीय कार्रवाई शामिल हैं। आईएमएफ की टीम वित्त मंत्रालय, संघीय राजस्व बोर्ड, पाकिस्तान स्टेट बैंक, पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल, पाकिस्तान चुनाव आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय के साथ बैठक करेगी।

# फ्रांस रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई शिखर सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए फ्रांस रवाना हो गए हैं। वे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एआई महत्वाकांक्षा व चीनी चैटबॉट डीपसीक के साये में सोमवार से फ्रांस की राजधानी पेरिस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन शुरू होगा। इस सम्मेलन में एआई की भूराजनीति पर ध्यान केंद्रित रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एआई शिखर सम्मेलन-2025 की फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ अध्यक्षता करेंगे। इसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद होंगे।



पीएम मोदी फ्रांसीसी कंपनियों के प्रमुखों से मिलेंगे और बुधवार को विशिष्ट लोगों के लिए आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे।

सम्मेलन में वैश्विक नेता, अधिकारी व विशेषज्ञ एआई प्रौद्योगिकी के विकास को दिशा देने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है, जब चीन के किफायती डीपसीक चैटबॉट ने उद्योग को हिला रखा है। सम्मेलन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि एआई का किस तरह उपयोग हो, ताकि सबको लाभ मिले व जोखिम नियंत्रित रहें।

**ऑल्टमैन, पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी व सीईओ लेंगे भाग :** जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो, ओपेनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ व गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई सहित 80 देशों के अधिकारी व सीईओ इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

चैटजीपीटी की शुरूआत के दो साल से भी अधिक समय बाद जनरेटिव एआई बहुत तेजी से प्रगति कर रही है। गत वर्ष ब्रिटेन में शिखर सम्मेलन के दौरान 28 देशों ने एआई जोखिमों से निपटने के लिए गैर-बाध्यकारी प्रतिबद्धता जताई थी। पेरिस शिखर सम्मेलन में भी एआई सुरक्षा एजेंडे में है। मैक्रों के कार्यालय के अनुसार, अधिक नैतिक, लोकतांत्रिक व पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ एआई के लिए संयुक्त राजनीतिक घोषणा पर हस्ताक्षर करने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका इस तरह के उपाय से सहमत होगा या नहीं।

### 2.6 अरब डॉलर का फंड जुटाने की कवायद

शिखर सम्मेलन का एक और बड़ा लक्ष्य एआई के लिए सार्वजनिक हित भागीदारी समझौता है।

# यूरोप के सबसे गरीब देश कोसोवो में चुनाव नतीजों का एलान

**कोसोवो ।** यूरोप का सबसे गरीब देश माने जाने वाले कोसोवो में संसदीय चुनाव के नतीजों का एलान हो चुका है। नतीजों में कोसोवो की सत्ताधारी पार्टी सेल्फ डिटरमिनेशन मूवमेंट पार्टी को सबसे ज्यादा वोट मिले हैं, लेकिन वह भी सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से दूर है। ऐसे में कोसोवो में अभी तक गिनती हो सकी है। ऐसे में हो सकता है कि सेल्फ डिटरमिनेशन मूवमेंट पार्टी बहुमत पा ले, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो फिर कोसोवो की आगे की राह थोड़ी मुश्किल जरूर हो जाएगी।

कोसोवो की डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोसोवो को 22 प्रतिशत वोट



गठबंधन की सरकार बनने के आसार हैं। सर्बिया के साथ तनातनी और विदेशी फंडिंग पर रोक के चलते कोसोवो की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है। रविवार को जारी हुए नतीजों में सत्ताधारी पार्टी को 41.99 फीसदी वोट मिले हैं।

हालांकि 73 प्रतिशत वोटों की ही मिले हैं। वहीं डेमोक्रेटिक लीग ऑफ कोसोवो को 17 फीसदी मत मिले हैं। अलायंस फॉर कोसोवो फ्युचर पार्टी को करीब सात फीसदी मत मिले हैं। ऐसे में बहुत संभावना है कि गठबंधन की सरकार सत्ता पर काबिज हो, जिसका नेतृत्व मौजूदा पीएम अलबिन कुर्ती ही कर सकते हैं।